हरिभूमि

रायपुर भूमि

- 20 अक्टूबर रायपुर से कुरुद और रावघाट के लिए ट्रेन सेवा होगी शुरू
- रायपुर से कुरुद का किराया 20 रुपए, रावघाट के लिए 55 रुपए में होगा रेल सफर



10 साल बाद दशहरा से कुरुद के लिए मिलेगी ट्रेन, बस से 40 रुपए सस्ता सफर, रावघाट जाने पर 95 रुपए की बचत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

लंबे इंतजार के बाद 20 अक्टूबर को दशहरा के अवसर पर रायपुर से कुरुद और रावघाट के लिए ट्रेन सेवा शुरू होने जा रही है। करीब 10 साल बाद नैरोगेज लाइन को ब्रॉडगेज में बदलने की प्रक्रिया के बाद कुरुद क्षेत्र को रायपुर से सीधी रेल कनेक्टिविटी मिलने जा रही है। वहीं रावघाट के लिए नई लोकल ट्रेन सेवा से यात्रियों को सड़क परिवहन के मुकाबले सस्ता सफर करने का विकल्प मिलेगा। रेलवे के किराए के अनुसार, रायपुर से कुरुद तक ट्रेन से सफर करने के लिए यात्रियों को 20 रुपए देने होंगे, ▶▶|शेष पेज 11 पर

सुबह रावघाट से चलेगी दोपहर रायपुर पहुंचेगी

रेलवे की जारी समय-सारिणी के मुताबिक, ट्रेन रावघाट से सुबह 6.30 बजे रवाना होकर 7 बजे ताड़ोकी, 8.25 बजे दल्लीराजहरा और 11.30 बजे दुर्ग पहुंचेगी। दोपहर 1.05 बजे रायपुर पहुंचेगी। वापसी में रायपुर से दोपहर 1.20 बजे रवाना होकर 2.30 बजे दुर्ग, शाम ▶▶|शेष पेज 11 पर

नियमित यात्रियों को मिलेगी राहत

रायपुर और कुरुद के बीच ट्रेन सेवा शुरू होने से नौकरीपेशा लोगों, विद्यार्थियों, व्यापारियों और रोजाना आवागमन करने वाले यात्रियों को सुविधा मिलने की उम्मीद है। कम किराये में सफर का विकल्प मिलने से सड़क परिवहन पर निर्भरता घट सकती है। वहीं, ▶▶|शेष पेज 11 पर

कुरुद रूट पर यात्री जुटाना होगी चुनौती

रायपुर से कुरुद के लिए ट्रेन सेवा शुरू होने के बाद यात्रियों को रेल से जोड़ना रेलवे के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है। रायपुर-अभनपुर-राजिम रूट पर ट्रेन सेवा शुरू हुए करीब दो वर्ष होने जा रहे हैं, लेकिन इस रूट पर यात्रियों की संख्या अपेक्षा के अनुरूप नहीं ▶▶|शेष पेज 11 पर

रावघाट के लिए आसानी से मिलेंगे यात्री

रायपुर से रावघाट तक रेल सेवा शुरू होने से रेलवे को यात्रियों की संख्या बढ़ने और राजस्व में इजाफा होने की उम्मीद है। अब तक रायपुर से ताड़ोकी तक ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों को अब रावघाट तक रेल कनेक्टिविटी मिलने जा रही है। रेलवे ने ताड़ोकी से आगे रावघाट तक पटरियां बिछाकर रेल लाइन का विस्तार किया है। दोनों स्टेशनों के बीच करीब 91 किलोमीटर की दूरी है। ऐसे में इस रूट पर ट्रेन सेवा शुरू होने से क्षेत्र के यात्रियों को राजधानी तक आने-जाने के लिए सस्ता और सुविधाजनक विकल्प मिल सकेगा।वर्तमान में रायपुर और ताड़ोकी के बीच रोजाना एक हजार से अधिक यात्री ट्रेन से सफर करते हैं। इस आधार पर रावघाट तक रेल सेवा बढ़ने से रेलवे को नए यात्रियों के जुड़ने की उम्मीद है। बस के मुकाबले ट्रेन का किराया कम रहने पर बड़ी संख्या में लोग सड़क परिवहन के बजाय रेल से रायपुर आना-जाना पसंद कर सकते हैं। रायपुर से रावघाट तक ट्रेन सेवा शुरू होने से यात्रियों को कम खर्च में सफर करने का विकल्प मिलेगा।

नवरात्रि विशेष



नवमी: सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कंडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

खबर संक्षेप

गुम इंसान के प्रकरण में अपहरण का केस दर्ज

रायपुर। महात्मा गांधी नगर अमलीडीह क्षेत्र से एक व्यक्ति लापता हो गया। लापता व्यक्ति चोवाराम तांडेकर की पत्नी दीपिका ने उसके लापता होने के साथ उसके अपहरण की आशंका जताई थी। इस मामले में राजेंद्र नगर पुलिस ने पहले गुम इंसान का प्रकरण दर्ज किया था। जांच के बाद अब इस मामले में अपहरण का केस दर्ज किया है।

शराब पीने पैसे नहीं देने पर पीटा, 2 पर केस

रायपुर। आजाद चौक पुलिस ने मारपीट करने के मामले में दो युवकों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। प्रार्थी बलीराम निर्मलकर ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 17 अक्टूबर को रात करीब 8.30 बजे कंकाली तालाब के पास आरोपी उमेश धीवर एवं उसके एक साथी ने उससे शराब पीने के लिए पैसे मांगे। बलीराम ने जब देने से इंकार किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ मारपीट की। इससे उसे चोट आई है।

4 माह बाद भी नहीं लगी स्ट्रीट लाइटें, विधायक की फटकार के बाद आनन-फानन में टेंडर

अंधेरे में मनेगा दशहरा-दिवाली, स्ट्रीट लाइट गुल पार्षदों ने चार माह पहले पैसे दिए, पर काम नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी में एक तरफ जहां लोग नवरात्रि, दशहरा और दीपावली त्योहार को लेकर तैयारियों में जुटे हैं। वहीं शहर के कई ज्यादा वार्डों में गली-मोहल्लों से लेकर मुख्य मार्ग की सड़कों पर स्ट्रीट लाइटें बंद होने से अंधेरा छाया हुआ है। पार्षदों ने अपनी पार्षद निधि से स्ट्रीट लाइट खरीदने डेढ़-डेढ़ लाख दिए, पर 4 माह बाद भी न तो स्ट्रीट लाइटें खरीदी गईं और न ही बंद पड़ी लाइट्स बदली गईं। ऐसे में अब प्रभावित वार्डों में अंधेरों के बीच लोग रोशनी का त्योहार मनाएंगे।

- 7 वार्डों के पार्षदों ने 4 माह पहले दिया था पत्र, निगम ने की अनदेखी

रायपुर पश्चिम के 7 वार्डों में भी कमोबेश यही स्थिति निर्मित हुई है, जहां जोन-8 अध्यक्ष प्रीतम सिंह सहित 7 वार्ड पार्षदों ने 4 माह पूर्व लेटर पेड पर लिखकर दिया था कि पार्षद निधि की डेढ़-डेढ़ लाख रुपए राशि से स्ट्रीट लाइटें खरीदकर प्रभावित वार्डों में लगाई जाएं। हैरानी की बात ये है कि इनमें एक भी वार्ड के लिए स्ट्रीट लाइट्स नहीं खरीदी गईं। निगम प्रशासन के इस रवैये को लेकर संबंधित वार्डों में खासा आक्रोश व्याप्त है।



केस 1

बीएसयूपी जरवाय, हीरापुर से अटारी मुख्य मार्ग का बुरा हाल

जोन 8 के वीर सावरकर वार्ड स्थित बीएसयूपी कालोनी जरवाय में स्ट्रीट लाइट की समस्या से रहवासी बेहद त्रस्त हैं, शिकायतों के बाद भी गरीबों की बस्ती में निगम ने स्ट्रीट लाइटें नहीं लगवाईं। इसी तरह हीरापुर से अटारी मुख्य मार्ग पर अंधेरा छाया हुआ है। इस मार्ग से रोजाना सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों का आना-जाना होता है। ▶▶|शेष पेज 11 पर

केस 2

पार्षद निधि से पैसे दिए 4 माह से खरीदी नहीं

संत रामदास वार्ड पार्षद और एमआईसी सदस्य भोलाराम साहू ने बताया कि कृष्णानगर, रामनगर बाजार चौक, कलिंग नगर सहित अन्य रहवासी इलाकों में स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं। हमने पार्षद निधि से 1.50 लाख रुपए स्ट्रीट लाइट खरीदने दिए थे ,चार महीने हो गए, स्ट्रीट लाइट खरीदी का अता-पता नहीं है। नवरात्रि, दशहरा और दीपावली के त्योहार में जनता को क्या जवाब देंगे? कृष्णानगर में 10 नए स्ट्रीट पोल की जरूरत है, वहां भी खंबा नहीं लगा। जोन की समीक्षा बैठक में भी स्ट्रीट लाइट का मुद्दा जोर-शोर से उठा था।

केस 3

स्ट्रीट लाइट की समस्या जस के तस

शहीद मनमोहन सिंह वार्ड पार्षद रोनिता-प्रकाश जगत ने बताया, पार्षद निधि की राशि स्ट्रीट लाइट खरीदने दे दी, पर 4 माह बीतने के बाद भी गली-मोहल्लों और मुख्य मार्गों पर से स्ट्रीट लाइट की समस्या दूर नहीं हुई। रोज शाम को सुयश हास्पिटल के पास बीएसयूपी कालोनी में अंधेरा छाया रहता है। नए रोड में पूरी लाइट ही नहीं है। ज्योतिनगर कोटा की नई कालोनी में स्ट्रीट लाइट की समस्या से त्रस्त लोगों ने आपस में चंदा कर स्ट्रीट लाइटें लगवाईं, ये तो हाल है।

केस 4

3 लाख दिए, भी फिर स्ट्रीट लाइट नहीं

जोन-8 के सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड पार्षद दीप-मनीराम साहू ने वार्ड के स्ट्रीट लाइट की समस्या दूर करने पार्षद निधि से 3 लाख रुपए दिए, इसके बाद भी उनके वार्ड के ज्यादातर इलाके में स्ट्रीट लाइट खराब है। कुछ इलाकों में नए पोल लगे हैं, वहां लाइट नहीं लगी।

जोन अध्यक्ष का व्यू

सर्वे कराया, 7 वार्डों की 550 लाइटें खराब

जोन अध्यक्ष प्रीतम सिंह ने बताया कि हमने जोन के सभी 7 वार्डों में स्ट्रीट लाइट्स की स्थिति को लेकर जोन स्तर पर सर्वे कराया। उसमें पता चला कि 550 लाइटें खराब हैं। बकायदा स्ट्रीट पोल के नंबर के साथ हमने जोन 8 कमिश्नरी में रिपोर्ट दी। हमें कहा गया कि स्ट्रीट लाइट खरीदने फंड नहीं है। तब सभी 7 पार्षदों ने अपने-अपने लेटरपेड में लिखकर दिया कि पार्षद निधि के पैसे से स्ट्रीट लाइटें खरीदी जाएं। अधिकारियों ने हमें आश्वस्त किया कि गणेश पक्ष में सभी वार्डों की बंद पड़ी लाइटें बदल दी जाएंगी, पर ई-फाइल के चक्कर में काम नहीं हो पाया। इसमें जोन की भी लापरवाही रही। वार्डों में स्ट्रीट लाइटें नहीं लग पाईं, महापौर और निगम आयुक्त को भी इसकी जानकारी है।

मूणत की फटकार के बाद आनन-फानन में टेंडर

हाल ही में रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने जोन 7 और जोन 8 के वार्डों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें वार्ड पार्षदों ने खुलकर स्ट्रीट लाइट की समस्या बताई। श्री मूणत ने निगम आयुक्त, महापौर के सामने जोन के अधिकारी को भी जमकर फटकार लगाई। तब जाकर जोन से स्ट्रीट लाइटों की खरीदी के लिए टेंडर हुआ। यह टेंडर 1 नवंबर को खुलेगा, खरीदी प्रक्रिया पूरी होते तक दीपावली त्योहार भी बीत जाएगा।

सालभर पहले भी हुआ था यही तमाशा

नगर निगम जोन-8 के वार्डों में स्ट्रीट लाइट की समस्या को लेकर सालभर पहले भी यही स्थिति निर्मित हुई थी। सूत्रों के मुताबिक, उस समय जोन स्तर पर स्ट्रीट लाइट के सर्वे में 458 स्ट्रीट लाइटें खराब मिलीं, इनमें से केवल 258 स्ट्रीट लाइट्स को बदला गया, बाकी की 200 स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी रहीं।

गोलबाजार-गंज मंडी की दुकानों के किराए का युक्तियुक्तकरण होगा, महीनेभर चलेगा सर्वे

- नए अचल संपत्ति व्ययन अधिनियम 2026 के हिसाब से सालाना किराए का युक्तियुक्तकरण
- निगम के बाजार विभाग की 2 टीमें कर रहीं स्थल पर नापजोख, महीनेभर में आयुक्त को करेंगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर नगर निगम द्वारा शहर में स्थित अपनी लाइसेंसी दुकानों का सर्वे कराया जा रहा है, जिसमें दुकानों की नापजोख कर पूर्व में आवंटित जगह और वर्तमान स्थिति की जानकारी जुटाकर लाइसेंसी दुकानों के सालाना किराए का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने इस कार्य के लिए संबंधित विभाग को एक माह की समयसीमा दी है। बाजार विभाग की टीम संबंधित दुकानों की नापजोख का काम कर रही है। उसके बाद नए अचल संपत्ति व्ययन अधिनियम 2026 में कलेक्टर ▶▶|शेष पेज 11 पर

लाइसेंसी दुकानों का सर्वे

नगर निगम की शहर में अलग-अलग लोकेशन पर स्थित लाइसेंसी दुकानों का सर्वे कर नापजोख कराई जा रही है। इसके लिए बाजार विभाग की 2 टीमें काम कर रही हैं। नए अचल संपत्ति व्ययन अधिनियम 2026 को ध्यान में रखकर लाइसेंसी दुकानों के सालाना किराए का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। गोलबाजार और गंज पड़ाव की लाइसेंसी दुकानों का सर्वे इन दिनों चल रहा है।

- डॉ. अंजलि शर्मा, उपायुक्त बाजार विभाग, नगर निगम रायपुर

आवंटन से ज्यादा में कब्जा होने पर अतिक्रमण हटेगा

नगर निगम के लाइसेंसी दुकानों की नापजोख में इस बात को ध्यान में रखा जा रहा है कि संबंधित लाइसेंसी दुकानदार को नगर निगम बाजार विभाग ने कितने फीट जमीन पर आवंटन दिया, वर्तमान में संबंधित लाइसेंसी ने कितने वर्गफीट जमीन पर व्यवसाय संचालित कर रखा है। आवंटन से ज्यादा जमीन पर व्यवसाय करने की स्थिति में नगर निगम की टीम सर्वे रिपोर्ट बनाकर निगम आयुक्त को प्रस्तुत करेगी। आयुक्त की अनुशंसा पर संबंधित लाइसेंसी दुकान के लाइसेंसी का अतिरिक्त जगह से कब्जा हटाया जाएगा। वहीं पुरानी लाइसेंसी दुकानों का नए अचल व्ययन अधिनियम 2026 को ध्यान में रखते हुए पुराने सालाना किराए की जगह वर्तमान कलेक्टर गाइडलाइन के हिसाब से युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। यह सालाना किराया संबंधित लाइसेंसी दुकानदार किस्तों में भुगतान कर सकें, इसकी सुविधा दी जाएगी।

न्यूनतम तापमान में गिरावट का पहला दौर 21 से, सुबह महसूस होगी ठंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में न्यूनतम यानी रात के तापमान में गिरावट का पहला दौर 21 अक्टूबर से शुरू होने की संभावना है। सप्ताहभर तक सुबह-सुबह हल्की ठंड महसूस हो सकती है। अभी रात का पारा सामान्य से तीन डिग्री तक ज्यादा है, जो अपनी सामान्य स्थिति में आएगा। इसके बाद आने वाला पश्चिमी विक्षोभ हवा की दिशा में बदलाव करेगा। वर्तमान में सक्रिय द्रोणिका का असर धीरे-धीरे कमजोर हो जाएगा। इसके बाद राज्य में आने वाली हवा की दिशा में बदलाव होकर उत्तर-पश्चिम होने की संभावना है। धीमे-धीमे दिन की लंबाई कम हो रही है और वातावरण से नमी की मात्रा भी कम हो रही है। तीनों तरह ▶▶|शेष पेज 11 पर

- पारा आएगा अपनी सामान्य स्थिति में, अभी 3 डिग्री तक ज्यादा

माता-पिता की गिरफ्तारी के बाद तीनों बच्चों की देखरेख करने बाल संरक्षण केंद्र भेजा गया

नशे में धुत सौतेला पिता मां के सामने पीटता था बच्चों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के तरुण नगर इलाके में 3 साल के मासूम को बेहरमी से पीटने के मामले में पुलिस ने उसकी मां और सौतेले पिता को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले की जांच में पता चला कि सौतेला पिता नशे का आदी है तथा अक्सर शराब के नशे में घर पहुंचने के बाद वह बिना किसी कारण बच्चों को गाली-गलौज करते हुए पीटा करता था। सौतेला पिता बच्चों को उनकी सगी मां के सामने पीटता था। इसके बाद भी वह इसका विरोध नहीं करती थी। इधर आरोपी पिता और उसकी कथित ▶▶|शेष पेज 11 पर


सौतेले पिता ने तीन साल के मासूम को सिगरेट से दागा, बेरहमी से पीटा

अन्य रिश्तेदारों की तलाश

इस मामले में आरोपी मां-पिता की गिरफ्तारी के बाद तीनों बच्चे बेसहारा हो गए हैं, क्योंकि तीनों बच्चे अपनी मां के साथ ही रहते हैं। मां की गिरफ्तारी के बाद तीनों बच्चों का सही तरीके से पालन-पोषण हो सके, इसके लिए इन बच्चों को फिलहाल बाल संरक्षण केंद्र भेजा गया है। पुलिस इन बच्चों की मां तथा मृत्यु हो चुके उनके पिता के परिवार से अन्य रिश्तेदारों का पता लगाने का भी प्रयास कर रही है।

लगभग 6 महीनों से महिला एवं उनके बच्चों के साथ रहता था आरोपी

सिविल लाइंस थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपी राजा दीप पिछले करीब 6 महीनों से अन्नूदेवी एवं उसके तीन बच्चों के साथ रहता था। तीनों बच्चे जिनकी उम्र 3 वर्ष, 5 एवं 6 वर्ष उसके पहले पति से है। उसके पति की मृत्यु के बाद वह राजा के साथ रहने लगी थी। ऐसी भी जानकारी आ रही है कि राजा और अन्नू बिना विवाह किए साथ में रहते हैं। राजा शराब का आदी होने के कारण हर दिन वह नशे में बच्चों से ▶▶|शेष पेज 11 पर

डूमरतराई के थोक बाजार में 30 फीसदी कारोबार प्रभावित

महंगाई की ऐसी मार, त्योहारी सीजन में भी धंधा मंदा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

लगातार बढ़ती महंगाई के कारण नवरात्रि के त्योहारी सीजन में भी राजधानी के सबसे बड़े डूमरतराई बाजार में 30 फीसदी कारोबार प्रभावित हो रहा है। यहां पर रोज का करीब 12 करोड़ का कारोबार होता है। अब रोज का करीब चार करोड़ का कारोबार कम हो गया है। प्रदेश के शहरों के साथ ही दूसरे राज्यों के कारोबारी भी कम ही खरीदारी करने पहुंच रहे हैं।

राजधानी रायपुर का डूमरतराई बाजार प्रदेश का सबसे बड़ा बाजार है। यहां पर जहां प्रदेश के ज्यादातर शहरों के थोक और चिल्हर कारोबारी खरीदारी करने आते हैं, वहीं पड़ोसी राज्यों में ओडिशा, झारखंड और आंध्र प्रदेश के भी कारोबार खरीदारी करते हैं। यहां पर रोज करीब 12 करोड़ का कारोबार होता है। यहां पर रोज बाहर के राज्यों से जहां करीब 50 बड़े ट्रकों में माल आता है, वहीं 30 मेटाडोर में भी अपने राज्य के अलग-अलग शहरों से अनाज सहित अन्य माल आता है। कारोबारियों के मुताबिक अब रोज छोटे-बड़े मिलाकर मुश्किल से 40 से 50 वाहनों में ही माल की आवक हो रही है। डिमांड कम होने के कारण कारोबारी कम ही माल मंगा रहे हैं।



कारोबार मंदा

लगातार अलग-अलग सामान की कीमत बढ़ने के कारण महंगाई के कारण खरीदारी कम हो गई है। त्योहारी सीजन होने के बाद भी कारोबार 30 फीसदी कम हो रहा है। लोग जरूरत के हिसाब से ही खरीदारी कर रहे हैं।

- प्रेम पाहूजा, अध्यक्ष, डूमरतराई थोक बाजार

डिमांड के हिसाब से खरीदारी

कारोबारियों के मुताबिक राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश के छोटे कारोबारी भी अब पहले की तरह ज्यादा माल नहीं ले रहे हैं। कारोबारी अपनी डिमांड के मुताबिक कम माल उठा रहे हैं। पहले छोटे कारोबारी एक सप्ताह से 15 दिनों का स्टॉक रख लेते थे, लेकिन अब डिमांड कम होने के कारण ज्यादातर कारोबारी तीन दिनों से लेकर एक सप्ताह का ही स्टॉक ले रहे हैं। बाहर के कारोबारी भी कम ही स्टॉक मंगा रहे हैं। बाहर के कारोबारियों का आना भी कम हो गया है।

हर सामान महंगा

महंगाई लगातार बढ़ रही है। हर रोज कोई न कोई सामान महंगा हो जा रहा है। त्योहारी सीजन के ठीक पहले जहां एक तरफ चावलों के दाम 30 से 40 रुपए तक बढ़े हैं, वहीं राहर दाल के दाम 40 रुपए और अन्य दलों के दाम भी 20 रुपए तक बढ़े हैं।खाद्य तेलों के दाम भी आसमान पर हैं। जो सोया और राइस ब्रान तेल इस साल के प्रारंभ में 100 से 110 रुपए के आस-पास थे, उसके दाम इस समय 150 से 160 रुपए हो गए हैं। शक्कर के दाम भी बढ़े हैं। घी, मसाला सहित किचन का हर सामान महंगा हो गया है। ऐसे में ग्राहकों ने खरीदारी कम कर दी है।

छत्तीसगढ़ के बांध गले-गले तक भरे, खेती से लेकर उद्योगों तक की जरूरतों पर नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के प्रमुख और मध्यम जलाशयों में पर्याप्त जलभराव दर्ज किया गया है। जल संसाधन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, प्रदेश के 46 प्रमुख और मध्यम जलाशयों में कुल 5413.59 मिलियन घनमीटर पानी उपलब्ध है। इन जलाशयों की कुल जल संग्रहण क्षमता 6360.23 मिलियन घनमीटर है। इस तरह कुल जलभराव 85.12 प्रतिशत दर्ज किया गया है।

खास खबर

प्रदेश में जलाशयों के पानी का उपयोग मुख्य रूप से कृषि सिंचाई, पेयजल, ग्रामीण क्षेत्रों की निस्तारी और औद्योगिक जरूरतों को पूरा करने के लिए किया जाता है। ऐसे में रबी फसलों की सिंचाई के लिए पानी का नियोजन और गर्मियों तक पेयजल की उपलब्धता बनाए रखना जल संसाधन विभाग के सामने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।

बांधों में 85.12 प्रतिशत जलभराव, रबी सिंचाई और निस्तारी के लिए जल प्रबंधन अहम

सिंचाई के लिए पानी की मांग सबसे अहम

छत्तीसगढ़ में धान सहित अन्य फसलों की सिंचाई के लिए बांधों और नहरों से पानी उपलब्ध कराया जाता है। खरीफ के बाद रबी फसलों की सिंचाई के लिए भी जलाशयों में उपलब्ध पानी का नियोजित उपयोग जरूरी है। सिंचाई के लिए कितना पानी छोड़ा जाएगा, यह फसल क्षेत्र, नहरों की क्षमता और शासन के निर्धारित सिंचाई कार्यक्रम पर निर्भर करेगा।



पिछले वर्षों की तुलना में जलभराव

विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, प्रमुख और मध्यम जलाशयों में संयुक्त जलभराव 85.12 प्रतिशत रहा। वर्ष 2025 की समान अवधि में यह 91.62 प्रतिशत और वर्ष 2024 में 77.82 प्रतिशत दर्ज किया गया था। वर्तमान जलभराव पिछले वर्ष से कम, लेकिन वर्ष 2024 की तुलना में अधिक है।

पेयजल और निस्तारी के लिए भी जरूरी है आरक्षण

रायपुर, दुर्ग, भिलाई, धमतरी सहित विभिन्न शहरी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के लिए जल स्रोतों का प्रबंधन किया जाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में निस्तारी की जरूरतों को पूरा करने के लिए भी पानी की उपलब्धता बनाए रखना जरूरी है। जलाशयों में पर्याप्त पानी होने के बावजूद इन आवश्यकताओं के लिए निर्धारित आरक्षण और वितरण की जानकारी महत्वपूर्ण रहती है।

उद्योगों की जरूरतों के लिए भी होता है जल आवंटन

भिलाई इस्पात संयंत्र सहित राज्य के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों और ताप विद्युत संयंत्रों को भी पानी की जरूरत होती है। इन जरूरतों के लिए जल संसाधन विभाग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत जल आवंटन किया जाता है।

गंगरेल में पर्याप्त पानी, फिर भी नहरों में कम प्रवाह से सूख रही धान की फसल

गंगरेल बांध में पर्याप्त जल उपलब्ध होने के बावजूद महानदी मुख्य नहर और शाखा नहरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंचने से रायपुर, धमतरी और बलौदाबाजार-भाटापारा क्षेत्र के किसान परेशान हैं। धान की फसल को सिंचाई के लिए पानी की जरूरत है, लेकिन नहरों में कम जल प्रवाह के कारण खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। किसानों ने इस स्थिति पर नाराजगी जताते हुए जल संसाधन विभाग से तत्काल पर्याप्त पानी छोड़ने की मांग की है।

खबर संक्षेप

दुर्गा मूर्ति विजर्सन की तैयारियां जोरों पर



रायपुर। महादेवघाट पाटन पुलिया के पास विसर्जन कुण्ड स्थल पर दुर्गा माता मूर्ति विसर्जन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल ने रविवार को विसर्जन तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान जोन कमिश्नर ने विसर्जन कुंड की सफाई, पेयजल व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, क्रेन और टेंट सहित अन्य आवश्यक तैयारियों का निरीक्षण किया।

प्रोजेक्ट चहचहाहट, अडबंधा तालाब में बर्ड वॉक

रायपुर। प्रोजेक्ट चहचहाहट के अंतर्गत जनपद पंचायत धरसींवा की ग्राम पंचायत मांदर स्थित अडबंधा तालाब में बर्ड वॉक का आयोजन किया गया। इसमें गांव के महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों और पक्षी मित्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बर्ड वॉक के दौरान प्रतिभागियों ने तालाब क्षेत्र में पक्षियों के प्राकृतिक आवास और उनकी विविधता के बारे में जाना। उन्हें पक्षियों तथा जैव विविधता के संरक्षण का महत्व भी बताया गया। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय समुदाय को प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूक करना और प्रकृति से उनका जुड़ाव बढ़ाना है।

शादी-विवाह में फिजूलखर्ची पर गांड़ा समाज लगाएगा अंकुश

विवाह में दिखावा नहीं नवदंपति का उज्ज्वल भविष्य जरूरी



रायपुर। राजधानी रायपुर पश्चिम परिक्षेत्र के चाटीपाला मांदीकुटुंब, गांड़ा समाज की महत्वपूर्ण बैठक में समाजहित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में विशेष रूप से शादी-विवाह में होने वाले अनावश्यक एवं दिखावे के खर्चों में कटौती करने तथा 'चट मंगनी-पट विवाह' की परंपरा को बढ़ावा देकर नवदंपत्ति के भविष्य को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने पर सहमति बनी। बैठक में उपस्थित समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठजन एवं समाजजनों ने एकमत से निर्णय लिया कि विवाह जैसे शुभ अवसर को अनावश्यक खर्च, दिखावे और प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं बनाया जाएगा। विवाह समारोह को सरल, गरिमापूर्ण और कम खर्चीला बनाने के लिए समाज स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

मृतकों के परिजनों को राज्य सरकार की ओर से मिलने वाली राशि के साथ केंद्र सरकार अलग से 10 लाख रुपए देती है

एनटीसीए ने इस संबंध में 13 जनवरी को राज्य के साथ देश के सभी राज्यों को पत्र लिखा है

मानव-वन्यजीव द्वंद्व में मृतकों के परिजनों को नहीं मिल रहा विशेष अनुग्रह राशि का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मानव वन्यजीव द्वंद्व में मृतकों के परिजनों को राज्य सरकार वर्तमान में छह लाख रुपए मुआवजा देती है, लेकिन केंद्र की ओर से मिलने वाली 10 लाख विशेष अनुग्रह राशि देने का प्रावधान अब तक राज्य में शुरू नहीं किया गया है। मृतकों को उक्त अनुग्रह राशि 13 जुलाई से मिलना चाहिए। केंद्र ने यह आदेश सुप्रीम कोर्ट में दाखिल टीएन गोधाबर्मन की जनहित याचिका की सुनवाई के बाद दिया है। इस संबंध में एनटीसीए ने 13 जनवरी 2026 को छत्तीसगढ़ सहित देश के सभी राज्यों के वन मुख्यालय को पत्र लिखकर निर्देश भी जारी कर दिया है।

एनटीसीए द्वारा सभी राज्यों को लिखे पत्र के अनुसार फसल नुकसान, मानव और मवेशी दोनों की जान के नुकसान के लिए एक सुचारू और समावेशी मुआवजा नीति होनी चाहिए। मानव-वन्यजीव संघर्ष से उत्पन्न होने वाले मुद्दों को कम करने की समय-सीमा में कमी लाने के लिए, विभिन्न एजेंसियों और विभागों के बीच अनिवार्य जिम्मेदारियों के साथ करीबी समन्वय सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मानव-वन्यजीव संघर्ष को प्राकृतिक आपदा के रूप में अधिसूचित करने पर अन्य राज्यों द्वारा सक्रिय रूप से विचार किया जाना चाहिए (जैसा कि उत्तर प्रदेश जैसे कुछ राज्यों द्वारा पहले ही किया जा चुका है)। सभी राज्यों को निर्देश दिया जारी किया गया है कि वे राज्य द्वारा दी जाने वाली राशि के अतिरिक्त, सीएसएस-आईडब्लूडीएच के तहत पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा तय की गई 10 लाख की अनुग्रह राशि देना सुनिश्चित करें।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव



फाइल फोटो

ऐसे समझें विशेष अनुग्रह राशि

वर्ष 2019 के पूर्व वन्यजीवों के हमले में मृतकों के परिजनों को राज्य सरकार चार लाख रुपए मुआवजा के रूप में देती थी। वर्ष 2019 में उक्त राशि बढ़ाकर छह लाख रुपए कर दी गई है। राज्य सरकार द्वारा दी जाने वाली अनुदान राशि के अलावा केंद्र सरकार अलग से 10 लाख रुपए मुआवजा देती है। इन दोनों राशि को मिलाकर 16 लाख रुपए होती है। सांप, बिच्छु, मधुमक्खी के हमले में मृतकों के परिजनों को चार लाख रुपए मुआवजा राशि देने का प्रावधान है।

आधा दर्जन से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है

राज्य में मानव वन्यजीव संघर्ष में सबसे ज्यादा मौतें भालू तथा हाथी के हमले से होता है। जुलाई 2026 से लेकर अब तक अलग-अलग प्रजाति के वन्यजीवों के हमले से नौ लोगों की मौत की घटना सामने आई है। इनमें अगस्त माह में कांकेर जिला के नरहरपुर में भालू के हमले से तीन ग्रामीणों की मौत हुई थी। हाथी के हमले से सरगुजा तथा रायगढ़ वनमंडल में चार लोगों की मौतें हुई है। अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघिन के हमले से एक युवक की मौत हुई है। पिछले दिनों धमतरी-कोण्डागांव सरहदी क्षेत्र में तेंदुआ के हमले से एक गर्भवती महिला तथा एक अन्य की मौत हुई है।

कांग्रेस बोली- सड़क से विधानसभा तक लड़ेगी युवाओं की लड़ाई

शिक्षक भर्ती के वादे पर बैज ने सरकार को घेरा, बोले- दो साल में 2582 शिक्षक घटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में शिक्षक भर्ती को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान 57 हजार शिक्षकों की भर्ती का वादा करने वाली सरकार के कार्यकाल में सरकारी शिक्षकों की संख्या बढ़ने के बजाय घट गई है। उन्होंने केंद्र सरकार की यू-डायस प्लस रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा, राज्य में दो वर्षों में 2,582 सरकारी शिक्षक कम हुए हैं। इससे डीएड, बीएड और शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) उत्तीर्ण बेरोजगार युवाओं की उम्मीदों को झटका लगा है।



बैज के मुताबिक, वर्ष 2023-24 में छत्तीसगढ़ में सरकारी शिक्षकों की संख्या 1,88,721 थी, जो 2024-25 में घटकर 1,88,578 और 2025-26 में 1,86,139 रह गई। उन्होंने कहा, एकल-शिक्षक और शिक्षकविहीन स्कूलों की समस्या के बीच भर्ती प्रक्रिया में देरी से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। बस्तर और सरगुजा सहित प्रदेश के कई इलाकों में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की कमी विद्यार्थियों की पढ़ाई पर असर डाल रही है।

कांग्रेस सरकार के कार्यकाल का किया उल्लेख

बैज ने दावा किया कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के दौरान स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के तहत 20 हजार से अधिक पद स्वीकृत किए गए थे। साथ ही 14,580 और 12,489 पदों वाली शिक्षक भर्ती प्रक्रियाओं के जरिए नियुक्तियां की गईं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के आने के बाद सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की संख्या घट रही है और भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है। कांग्रेस युवाओं के रोजगार और सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की उपलब्धता का मुद्दा सड़क से विधानसभा तक उठाएगी।

कांग्रेस का आरोप–प्रदेश में अवैध शराब और सूखे नशे का कारोबार बढ़ा

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने छत्तीसगढ़ में अवैध शराब और सूखे नशे के कारोबार को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में गांवों से लेकर शहरों तक अवैध शराब की बिक्री हो रही है और सरकारी तंत्र इस पर प्रभावी रोक लगाने में विफल है। उन्होंने कहा, राजधानी रायपुर सहित बिलासपुर, जगदलपुर, अंबिकापुर और दुर्ग सूखे नशे की बिक्री के प्रमुख केंद्र बनते जा रहे हैं। उन्होंने मंत्री दयालदास बघेल के कथित बयान का हवाला देते हुए कहा, अवैध शराब की बिक्री में पुलिस और आबकारी विभाग की जवाबदेही तय होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार शराबबंदी की बात करने के बजाय शराब की बिक्री बढ़ाने में लगी है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि प्रदेश में पहले करीब 700 देशी और अंग्रेजी शराब दुकानें थीं। सरकार ने देशी दुकानों में अंग्रेजी और अंग्रेजी दुकानों में देशी शराब की बिक्री शुरू कर दी, जिससे बिक्री केंद्रों की संख्या बढ़कर करीब 1,400 हो गई।



नकली शराब और कोचियों पर कार्रवाई की मांग

उन्होंने आरोप लगाया कि सरकारी शराब दुकानों से अतिरिक्त रकम लेकर कोचियों के माध्यम से मोहल्लों तक शराब पहुंचाई जा रही है। उन्होंने राजनांदगांव और मुंगेली सहित विभिन्न क्षेत्रों में अवैध बिक्री तथा डोंगरगढ़ के बाटलिंग प्लांट में शराब में पानी मिलाने से जुड़ी कथित घटनाओं का उल्लेख किया। नकली होलोग्राम, अवैध शराब और दूसरे राज्यों से शराब की आपूर्ति पर प्रभावी कार्रवाई जरूरी है। कांग्रेस ने सरकार से अवैध कारोबार पर रोक लगाने और जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने की मांग की।

अर्बन चैलेंज फंड पर 21 को मंथन, मुख्यमंत्री करेंगे कार्यशाला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में शहरी विकास, अधोसंरचना विस्तार और निवेश की संभावनाओं को गति देने के उद्देश्य से 21 अक्टूबर को नवा रायपुर में अर्बन चैलेंज फंड (यूसीएफ) पर क्षेत्रीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा आवास और शहरी विकास निगम (हुडको) के संयुक्त तत्वावधान में होने वाली इस कार्यशाला का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय करेंगे। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरुण साव विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यशाला में अर्बन चैलेंज फंड और अर्बन इन्वेस्ट विंडो के माध्यम से शहरों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, निवेश आकर्षित करने और नगरीय निकायों की विकास परियोजनाओं के वित्तीय प्रबंधन पर चर्चा होगी।



शहरों के लिए विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण

हुडको के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक संजय कुलश्रेष्ठ उद्घाटन संबोधन देंगे, जबकि नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा मुख्य वक्तव्य प्रस्तुत करेंगे। कार्यशाला में होने वाला विमर्श प्रदेश के शहरों के लिए आधुनिक, समावेशी और सतत विकास की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके जरिए शहरी अधोसंरचना के विकास और निवेश की संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए रणनीतिक सुझाव सामने आने की उम्मीद है।

जीवित महिला को मृत बताकर काटा अंत्योदय राशन कार्ड, अकबर ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के तहत राशन कार्ड निरस्तीकरण को लेकर पूर्व खाद्य मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहम्मद अकबर ने राज्य सरकार पर सवाल उठाए हैं।



उन्होंने रायपुर के सुभाष नगर निवासी साकरा बानो का मामला सामने रखते हुए आरोप लगाया कि जीवित होने के बावजूद उन्हें सरकारी रिकॉर्ड में मृत दर्ज कर उनका अंत्योदय राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया। इससे वह खाद्यान्न के अधिकार से वंचित हो गईं।

अकबर ने दस्तावेजी और वीडियो साक्ष्यों का हवाला देते हुए मामले की निष्पक्ष जांच, जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई और साकरा बानो का राशन कार्ड तत्काल बहाल करने की मांग की। उन्होंने कहा कि किसी जीवित व्यक्ति को सरकारी रिकॉर्ड में मृत दर्ज कर राशन से वंचित करना गंभीर मामला है। इससे सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत सत्यापन प्रक्रिया और जवाबदेही पर सवाल खड़े होते हैं।

पीडीएस के दायरे पर भी सवाल

अकबर के अनुसार, विभागीय समीक्षा में प्रदेश में 83.33 लाख राशन कार्ड और 274.04 लाख पंजीकृत सदस्यों का उल्लेख है। वर्ष 2025 की अनुमानित 3.08 करोड़ आबादी के आधार पर पीडीएस का कवरेज लगभग 89 प्रतिशत बताया गया है।

खाद्य मंत्री से कार्रवाई की मांग

पूर्व खाद्य मंत्री ने वर्तमान खाद्य मंत्री से साकरा बानो के मामले में तत्काल हस्तक्षेप कर जांच कराने, उनका अंत्योदय राशन कार्ड बहाल करने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही, निरस्त किए गए सभी राशन कार्डों की समीक्षा कर पात्र परिवारों को दोबारा योजना का लाभ दिलाने की आवश्यकता बताई।

दो साल में 1.17 लाख से अधिक कार्ड निरस्त

मोहम्मद अकबर ने 22 जुलाई 2026 को लोकसभा में दिए गए एक उत्तर का हवाला देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में वर्ष 2024 में 57,371 और वर्ष 2025 में 60,496 राशन कार्ड निरस्त किए गए। इस तरह दो वर्षों में कुल 1,17,867 राशन कार्ड निरस्त हुए। उन्होंने सवाल किया कि इतनी बड़ी संख्या में कार्ड निरस्त करने के क्या आधार थे? क्या प्रत्येक मामले में उचित सत्यापन किया गया और प्रभावित परिवारों को सूचना देकर अपना पक्ष रखने का अवसर दिया गया? उन्होंने सरकार से निरस्तीकरण के मानदंड सार्वजनिक करने और सभी मामलों की समीक्षा कराने की मांग की, ताकि किसी पात्र परिवार को रिकॉर्ड संबंधी त्रुटियों के कारण राशन से वंचित न होना पड़े।

भाजपा बोली- भिलाई इस्पात संयंत्र की बिक्री को लेकर कांग्रेस का दुष्प्रचार आपत्तिजनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतीय जनता पार्टी की राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने कहा, भिलाई इस्पात संयंत्र की बिक्री को लेकर कांग्रेस नेता दुष्प्रचार कर रहे हैं, यह शर्मनाक और आपत्तिजनक है। भिलाई स्टील प्लांट को निजी हाथों अथवा अडानी समूह को बेचे जाने की बात पूरी तरह मनगढ़ंत, भ्रामक और सफेद झूठ है। कांग्रेसियों में हिम्मत है, तो अडानी समूह को प्लांट बेचे जाने के तथ्य और प्रमाण सामने लाएं, अन्यथा अपने इस सफेद झूठ के लिए बिना शर्त माफी मांगें।



श्रीमती वर्मा ने कहा, भिलाई स्टील प्लांट केवल एक औद्योगिक प्रतिष्ठान नहीं, बल्कि भिलाई सहित समूचे छत्तीसगढ़ के मान-सम्मान, अस्मिता और लाखों श्रमिकों के पसीने की पहचान है। जब भी कांग्रेस राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक होती है, वह जनता में भय और भ्रम फैलाने का षड्यंत्र रचने लगती है। जनाधार खो चुके भूपेश बघेल और देवेंद्र यादव जैसे कांग्रेस नेता आज हताशा और कुण्ठा में इस कदर घिर चुके हैं कि वे राज्य के गौरव से जुड़े संयंत्र को लेकर भी खुलेआम अफवाहें फैलाने का शर्मनाक कृत्य कर रहे हैं। श्रीमती वर्मा ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार भिलाई इस्पात संयंत्र के आधुनिकीकरण, क्षमता विस्तार और इसे नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। श्रीमती वर्मा ने कहा, अपने शासनकाल में भ्रष्टाचार और घोटालों के कीर्तिमान रचने वाली कांग्रेस के पास आज कोई जनसरोकार का मुद्दा नहीं बचा है।

// आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 9344 दिनांक 14.03.2011 के द्वारा गातापार, अभनपुर में दीनदयाल आवास एल.आई.जी. भवन क्रमांक-07 को **श्रीमती राधिका साहू पति श्री सदानंद साहू** के नाम पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 04.03.2014 को विक्रय विलेख (लीजडीड) का निष्पादन करा लिया गया है। भवन का आधिपत्य आदेश दिनांक 22.08.2014 को प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में **श्रीमती राधिका साहू पति श्री सदानंद साहू**, निवासी वार्ड नं. 20, धनोरा, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्रीमती सातो कुमारी नाग पति श्री शीस कुमार नाग,** निवासी दोन्देखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः गातापार, अभनपुर में दीनदयाल आवास एल.आई.जी.भवन क्रमांक-07 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा प्रबंधक,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं
अधोसंरचना,विकास मण्डल
प्रक्षेत्र- नवा रायपुर अटल नगर

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती अर्चना पाण्डेय, पति श्री संजय कुमार पाण्डेय, निवासी- एनएफ 08, पतरापाली रोड पहाडी व्यू बस्ती रायगढ छ.ग. ने विक्रेता श्रीमती भारती पति श्री कमल देवांगन निवासी बिंद्रा नवागढ रायपुर के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम-दोंदेखुर्द, (हर्ष भूमि सिंघानिया गोयल बिल्डकॉन) प.ह.न. 00013, रा.नि.मं. रायपुर-16-सारागांव, तह धरसीवां, जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि प्लाट नंबर 76, खसरा नंबर 110/5 रकबा 0.0178 हे., अर्थात 1923 वर्गफुट है को क्रय किए जाने का सौदा किया गया है। बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय को उपरोक्त सौदे पर किसी भी तरह की हक, उजर, दावा, आपत्ति हो वह इस आमसूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित रूप से मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते पर मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्ति उपरांत कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा विधि अनुसार शून्य करणीय मानी जावेगी।

अतः सूचना जाने।

दिनांक – 17/10/2026

पुष्कर साहू (अधिवक्ता)
एस-2डी/52, सेक्टर-3, स्ट्रीट नं. 3,प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.)
मो. 99261-69448

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 22 को रायपुर और 23 को जगदलपुर के कार्यक्रम में रहेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 22 और 23 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वे रायपुर और जगदलपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगी।



22 अक्टूबर को राष्ट्रपति रायपुर स्थित लोक भवन में दोपहर 12:45 बजे सिंधी समाज की पूज्य माता हासी देवी के सम्मान में 200 रुपए का स्मारक सिक्का जारी करेंगी। इस कार्यक्रम में सिंधी समाज के संत और सामाज सेवी भी शामिल होंगे। इसके बाद, शाम 4 बजे वे रायपुर के बूढ़ापारा स्थित बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में नुआखाई पर्व के अवसर पर आयोजित सेवा सम्मान पर्व एवं युवा प्रबोधन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। राजधानी में होने वाले इन कार्यक्रमों को लेकर तैयारी चल रही है। कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और प्रदेश के कुछ मंत्री भी शामिल होंगे।

23 अक्टूबर को राष्ट्रपति सुबह 11 बजे जगदलपुर स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी। इसके बाद, दोपहर 12:45 बजे वे जगदलपुर में मुरिया दरबार एवं बस्तर दशहरा के अवसर पर आयोजित सार्वजनिक कार्यक्रम में शामिल होंगी।



खबर संक्षेप

अस्पताल परिसर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

आरंग। आरंग स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में एक व्यक्ति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान रितेश मिश्रा, पिता रविकांत मिश्रा, उम्र लगभग 48 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 8, श्याम बाजार, आरंग के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच एवं विवेचना शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक पिछले तीन-चार दिनों से अस्पताल परिसर के आसपास देखा जा रहा था। बताया जा रहा है कि कुछ दिन पहले ही उसकी माता का निधन हुआ था। उनके अस्थि विसर्जन के लिए परिजन प्रयागराज गए हुए हैं। इसी दौरान परिजनों की अनुपस्थिति में यह घटना हुई। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है। घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा पुलिस जांच के बाद ही हो सकेगा।

सांकरा, सरोरा, तिल्दा मार्ग पर उड़ती धूल व कंकड़ से ग्रामीण त्रस्त



तरपोंगी। सांकरा-सरोरा-तिल्दा मार्ग पर एक वर्ष से जारी सड़क चौड़ीकरण कार्य और भारी वाहनों की लगातार आवाजाही से उड़ती धूल व बिखरे कंकड़ ने ग्रामीणों का जीना मुहाल कर दिया है। क्षेत्र में स्थित बड़े उद्योगों के कारण दिन-रात चलने वाले भारी वाहनों से धूल का गुबार छाया रहता है, जिससे नवरात्र पर्व पर माँ दुर्गा के दर्शन व पूजा-अर्चना के लिए निकलने वाले श्रद्धालुओं, राहगीरों और स्थानीय रहवासियों को भारी परेशानियों और स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों द्वारा सड़क पर नियमित पानी छिड़काव की बार-बार मांग किए जाने के बावजूद जिम्मेदार प्रशासन और निर्माण एजेंसी इस अनदेखी में लगे हैं, जिससे आक्रोशित होकर ग्रामीणों ने समस्या का त्वरित निराकरण न होने पर उग्र चक्काजाम आंदोलन करने की दो-टूक चेतावनी दी है।

पावर प्लांट विस्तार का विरोध, अनिता शर्मा ने दी चेतावनी

धरसींवा/कूंरा/सिलयारी। धरसींवा की पूर्व विधायक अनिता योगेन्द्र शर्मा ने रायखेड़ा, गैतरा और चिचोली स्थित अदाणी पावर के रायपुर ताप विद्युत संयंत्र के प्रस्तावित विस्तार का कड़ा विरोध किया है। उन्होंने आशंका जताई कि विस्तार से समोदा और कोडार जलाशयों पर जल आवंटन का दबाव बढ़ेगा, जिससे किसानों की सिंचाई और ग्रामीणों की पेयजल व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। उन्होंने सरकार से जल उपलब्धता, आवंटन आदेशों और पर्यावरणीय मंजूरी की शर्तों को सार्वजनिक करने की मांग की। शर्मा ने कहा कि जनहित की अनदेखी होने पर जोरदार विरोध किया जाएगा तथा किसानों और आम जनता के हित सर्वोपरि होने चाहिए।



खेतों में लहलहाई हरहुना धान की सुनहरी बालियां, कटाई के लिए तैयार, खिले किसानों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

धान की सुनहरी फसल, मौसम के साथ बेहतर आर्थिक मजबूती की



खेतों में लहलहाती हरहुना धान की सुनहरी बालियां अब पककर कटाई के लिए तैयार होने लगी हैं। धान के पौधों पर सुनहरी रंगत इस बात का संकेत दे रही है कि फसल पकने की दहलीज पर है। इस वर्ष धान की फसल की स्थिति अच्छी नजर आ रही है, जिससे किसानों को बेहतर उत्पादन की उम्मीद बंधी है। खेतों में बिखरी सुनहरी आभा ग्रामीण अंचल में फसल पकने के मौसम की खूबसूरती बयां कर रही है। धान की खेती पर निर्भर किसानों के लिए यह समय बेहद महत्वपूर्ण है। महीनों की मेहनत, खेतों की तैयारी, रोपाई, खाद-पानी और फसल की देखभाल के बाद अब मेहनत का परिणाम सामने आने लगा है। हरहुना धान की पकती फसल देखकर किसानों के चेहरों पर संतोष झलक रहा है। यदि मौसम अनुकूल बना रहा और कटाई के समय बारिश जैसी बाधा नहीं आई, तो इस वर्ष बेहतर पैदावार मिलने की संभावना है। धान की सुनहरी फसल केवल खेतों की सुंदरता ही नहीं बढ़ा रही, बल्कि किसानों की उम्मीदों को भी नई उड़ान दे रही है। अच्छी पैदावार से खेती-किसानी से जुड़े परिवारों को आर्थिक मजबूती मिलने की आस है। हालांकि, वास्तविक उत्पादन का आकलन कटाई और मिंजाई के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल खेतों में पकती सुनहरी बालियां इस बात का अहसास करा रही हैं कि खरीफ सीजन अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर बढ़ रहा है। किसानों को उम्मीद है कि मौसम का साथ बना रहे और उनकी मेहनत का पूरा प्रतिफल मिले।

सेवा सेतु अभियान के समापन में सौर ऊर्जा अपनाने वाले हितग्राहियों का सम्मान

अब बिजली उपभोक्ता ही नहीं, ऊर्जा दाता भी बनें : विधायक अनुज शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलयारी

- छग में सवा लाख से अधिक घरों में स्थापित सोलर प्लांट, हितग्राहियों को मिल रहा शून्य और न्यूनतम बिजली बिल का लाभ



सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने और आम उपभोक्ताओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित 'सेवा सेतु अभियान' का समापन शनिवार को धरसींवा स्थित सेवा सदन में हुआ। कार्यक्रम में धरसींवा विधायक अनुज शर्मा ने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को आम लोगों के लिए लाभकारी बताते हुए अधिक से अधिक उपभोक्ताओं से योजना का लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर योजना के हितग्राहियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विधायक अनुज शर्मा ने कहा कि सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य के लिए सौर ऊर्जा सबसे बेहतर विकल्पों में से एक है। केंद्र एवं राज्य सरकार की ओर से मिलने वाली सब्सिडी का लाभ लेकर आम नागरिक अपने घरों में सोलर प्लांट स्थापित कर सकते हैं। इससे बिजली बिल में बचत होने के साथ ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि लोग केवल बिजली उपभोक्ता बनकर न रहें, बल्कि सौर ऊर्जा के माध्यम से ऊर्जा दाता बनने की दिशा में आगे बढ़ें और विकसित भारत के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाएं। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को घरेलू बिजली खर्च कम करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कहा कि सौर ऊर्जा का अधिकाधिक उपयोग पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहित करने में भी सहायक होगा।

विद्युत विभाग के कर्मचारियों के कार्यों की सराहना

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जनपद पंचायत धरसींवा के उपाध्यक्ष दिनेश खूंटे ने प्रदेश में विद्युत क्षेत्र में हुए विकास और आम लोगों के जीवन में आए सकारात्मक बदलावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बिजली सेवाओं को बेहतर बनाने और शासकीय योजनाओं का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचाने में विद्युत विभाग के मैदानी कर्मचारियों एवं पावर कंपनी के अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। समारोह में जनपद सदस्य पूजा वर्मा, धरसींवा सरपंच साहिल खान, मुख्य अभियंता रायपुर शहर संजीव सिंह, अधीक्षण अभियंता श्रीमुरारी हरि एवं महावीर विश्वकर्मा, कार्यपालन अभियंता धनंजय वर्मा तथा सहायक अभियंता आकाश श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण, विद्युत उपभोक्ता और पावर कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

अटल विहार में बोर खनन की घोषणा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

नवरात्र के पावन पर्व पर आरंग की अटल विहार कॉलोनी में सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में 'रात माई जस जागरण' परिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. संदीप जैन ने माता के दर्शन एवं विधिवत पूजा-अर्चना कर की। उन्होंने क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान कॉलोनीवासियों ने उनके समक्ष पेयजल की गंभीर समस्या रखी। मांग को गंभीरता से लेते हुए डॉ. जैन ने अपनी निधि से अटल विहार प्रांगण में बोर खनन करवाने की घोषणा की, जिससे स्थानीय रहवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। कार्यक्रम में कॉलोनीवासियों ने क्षेत्र में व्याप्त बिजली की समस्या से भी मुख्य अतिथि को अवगत कराया। इस पर डॉ. संदीप जैन ने दीपावली से पहले समस्या दूर करने का आश्वासन दिया।विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित वार्ड पार्षद प्रतिनिधि विक्रम परमार ने बताया कि पेयजल समस्या के स्थायी समाधान के लिए दीनदयाल फेस-टू के बोर से अटल विहार और अटल आवास के संपवेल को जोड़ने का प्रस्ताव नगर पालिका में पहले ही भेजा जा चुका है। इस पर जल्द ही आगे की कार्रवाई पूरी कर ली जाएगी। इस अवसर पर भिलाई के सरपंच नीलकंठ निर्मलकर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में अटल विहार विकास समिति, नवदुर्गा समिति के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारियों ने नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन और पार्षद प्रतिनिधि का आभार व्यक्त किया।

गुजरा में जस झांकी ने बांधा समां

आरंग। नवरात्रि के पावन पर्व पर मां दुर्गा की भक्ति और जसगीतों की गूंज से ग्राम गुजरा का माहौल भक्तिमय हो उठा। 17 अक्टूबर की रात नवजागरण दुर्गोत्सव समिति द्वारा नवरात्रि सप्तमी के अवसर पर आयोजित जस झांकी में पटपर (डोंगरगढ़) के दाई के दुलरवा नवरत्न जस झांकी परिवार ने अपनी शानदार प्रस्तुति से ऐसा समां बांधा कि दर्शक झूमने और थिरकने को मजबूर हो गए। दाई के गीतों की मधुर धुन, भक्तिमय माहौल और कलाकारों की आकर्षक प्रस्तुति ने देर रात तक दर्शकों को बांधे रखा। जसगीतों की प्रस्तुति शुरू होते ही कार्यक्रम स्थल पर मौजूद श्रद्धालु भक्ति और उत्साह में डूब गए। मां दुर्गा की महिमा का गुणगान करते गीतों ने वातावरण में धार्मिक उल्लास भर दिया।

ज्ञानदीप विद्यालय में मना नवरात्रि-दशहरा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आरंग

आरंग स्थित सरस्वती ज्ञानदीप विद्यालय में नवरात्रि एवं दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ हुई। शाला की प्रधान पाठिका देवकुमारी यादव ने अपने उद्बोधन में नवरात्रि की महिमा, हिंदू संस्कृति और परंपराओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बच्चों एवं शिक्षिकाओं द्वारा जसगीत प्रस्तुत किया गया, जिस पर सभी ने नृत्य किया। इसके बाद बच्चों एवं शिक्षिकाओं ने गरबा नृत्य की प्रस्तुति दी। पीपी-1 के छोटे-छोटे बच्चों को श्रीराम और माता सीता के रूप में प्रस्तुत किया गया। बच्चों ने दशहरा मनाने की परंपरा को जीवंत रखते हुए रावण वध के दृश्य का मंचन किया। इसके बाद रावण के पुतले का दहन किया गया। अंत में शाला विकास समिति के अध्यक्ष संतोष साहू, उपाध्यक्ष प्रदीप लोधी एवं संचालक अनूपनाथ योगी ने बच्चों को संबोधित करते हुए नवरात्रि एवं दशहरा पर्व की बधाई दी। इस कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं उमेशनाथ योगी, सुनीता लोधी, कुसुम यादव, सुमनलता योगी, छाया यादव, मधुरिमा सेन, मनिका लोधी, दीपमाला पटेल, भावना साहू, दीपिका जलक्षत्री एवं अनीता यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

महाष्टमी पर शीतला मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़



आरंग। शारदीय नवरात्रि की महाष्टमी पर रविवार को ग्राम भानसोज स्थित शीतला माता मंदिर में विधि-विधान से पूजा-अर्चना, महाहवन एवं महाप्रसाद वितरण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने मंदिर पहुंचकर माता रानी के दर्शन किए और परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। महाष्टमी के अवसर पर सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। विशेष पूजा-अर्चना के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाहवन किया गया। श्रद्धालुओं ने यज्ञकुंड में आहुतियां अर्पित कर गांव की सुख-समृद्धि, खुशहाली और जनकल्याण की कामना की। इस दौरान माता के जयकारों से मंदिर परिसर गूंजता रहा। धार्मिक आयोजन में महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

कॉलेज चौक में मां दुर्गा के 21 रूप के दर्शन

आरंग। नवदुर्गा उत्सव समिति, कॉलेज चौक आरंग द्वारा इस वर्ष शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर भव्य आयोजन किया गया है। आरंग में यह इकलौता ऐसा स्थान है, जहां मां दुर्गा एक साथ 21 विभिन्न रूपों में विराजमान होकर भक्तों को आशीर्वाद दे रही हैं। समिति के प्रमुख राजू और मोनू कंडारा ने जानकारी दी कि उनकी समिति पिछले 18 वर्षों से कॉलेज चौक पर मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करती आ रही है। पूर्व में लगातार छह वर्षों तक मां को नौ रूपों (नवदुर्गा) में विराजमान कराया जाता था, लेकिन इस वर्ष आयोजन को और भव्य बनाते हुए मां दुर्गा के 21 अलौकिक स्वरूपों की स्थापना की गई है। इस आकर्षक झांकी में 21 माताओं के साथ बजरंगबली हनुमान जी भी विराजमान हैं, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। 21 रूपों के अनूठे दर्शन के लिए आरंग सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। संध्याकालीन महाआरती के दौरान पूरा कॉलेज चौक माता के जयकारों से गूंज रहा है। समिति द्वारा पंडाल में आने वाले भक्तों के लिए दर्शन एवं सुरक्षा के बेहतर इंतजाम किए गए हैं।

मां दुर्गा का दर्शन लाभ दुर्गुण रूपी राक्षस के नाश होने पर मिलता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरसींवा

- गौरा चौरा चौक में गूंजी शिव-पार्वती की महिमा : भक्ति भाव के साथ संपन्न हुई श्री शिव महापुराण कथा

ग्राम चरौदा के गौरा चौरा चौक स्थित शिव मंदिर परिसर में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा का पावन अनुष्ठान भक्ति, उल्लास और भव्यता के साथ संपन्न हुआ। कथा व्यास रावा भाठा से पधारे आचार्य महादेव जी ने अपनी ओजस्वी वाणी और अमृतमयी वचनों से उपस्थित सभी श्रद्धालुओं को शिव भक्ति के रस में सराबोर कर दिया। कथा के दौरान उन्होंने शिव पुराण के गूढ़ रहस्यों और जीवनोपयोगी संदेशों की अत्यंत सुंदर व्याख्या प्रस्तुत की।

दुर्गुणों के नाश और अज्ञान के अंधकार को मिटाने आती हैं मां नवदुर्गा

कथा का शुभारंभ करते हुए आचार्य महादेव जी ने मां भगवती के पराक्रम का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि जब माता ने दुर्गम नामक दानव का वध किया, तब से वे 'दुर्गा' नाम से विख्यात हुईं। हमारे जीवन में रचे-बसे दुर्गुण ही वास्तव में वह 'दुर्गम' राक्षस हैं, जिन्हें समाप्त करने के लिए मां नवदुर्गा का प्राकट्य होता है। इसी प्रकार महिषासुर का वध यह संदेश देता है कि माता ने जीवन के अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर संपूर्ण जगत को ज्ञान और भक्ति के दिव्य प्रकाश से आलोकित किया है।

आचार्य महादेव जी ने देवाधिदेव महादेव और माता पार्वती के स्वरूप का आध्यात्मिक दर्शन कराते हुए कहा कि शिव और पार्वती कोई साधारण व्यक्ति नहीं हैं, बल्कि यह हमारे जीवन के भीतर विद्यमान 'श्रद्धा' और 'विश्वास' के प्रतीक हैं।

निरहंकारी हृदय में होता है माता पार्वती का वास

कथाक्रम को आगे बढ़ाते हुए कथा व्यास ने बताया कि माता पार्वती का मैना के घर जन्म लेना यह सीख देता है कि जिसके जीवन में अहंकार का लेशमात्र भी स्थान नहीं होता, मां पार्वती का वास उसी के हृदय रूपी भवन में होता है। जीवन में तर्क-कुतर्क करने वालों पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि जो लोग ईश्वर या धर्मग्रंथों पर अकारण तर्क करते हैं, वही 'तारकासुर' हैं। इस कुतर्क रूपी असुर का संहार केवल भगवान कार्तिकेय अर्थात 'ज्ञान और सत्संग' से ही संभव है। कार्तिकेय जी का बाहर भ्रमण करना बाहरी ज्ञान का सूचक है, जबकि गणेश जी द्वारा माता-पिता की परिक्रमा आंतरिक ज्ञान को दर्शाती है—सफल जीवन के लिए इन दोनों ज्ञानों का होना अत्यंत आवश्यक है।

नमः शिवाय मंत्र का अलौकिक रहस्य



आचार्य जी ने विभिन्न ज्योतिर्लिंगों के प्राकट्य की पावन कथाएं सुनाईं। उन्होंने बताया कि सोम के कारण सोमनाथ, घुश्मा के भक्तिभाव के कारण घुश्मेश्वर और भीम के कारण भीमशंकर ज्योतिर्लिंग का प्राकट्य हुआ। वहीं, मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम द्वारा रामेश्वर ज्योतिर्लिंग की स्थापना वैष्णव और शैव मत के अद्भुत समन्वय का अनुपम उदाहरण है। भगवान शिव के पंचाक्षर मंत्र 'नमः शिवाय' की महिमा बताते हुए उन्होंने कहा कि यह मंत्र सृष्टि के पांचों तत्वों का प्रतीक है—'न' से नभ (आकाश), 'म' से भूमि, 'शि' से शिखी (अग्नि), 'वा' से वायु और 'य' से पय (जल) निरूपित होता है।

// आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 9344 दिनांक 14.03.2011 के द्वारा गातापार, अभनपुर में दीनदयाल आवास एल.आई.जी. भवन क्रमांक-07 को **श्रीमती राधिका साहू पति श्री सदानंद साहू** के नाम पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 04.03.2014 को विक्रय विलेख (लीजडीड) का निष्पादन करा लिया गया है। भवन का आधिपत्य आदेश दिनांक 22.08.2014 को प्राप्त कर लिया है। वर्तमान में **श्रीमती राधिका साहू पति श्री सदानंद साहू**, निवासी वार्ड नं. 20, धनोरा, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को क्रेता **श्रीमती सातो कुमारी नाग पति श्री शीस कुमार नाग,** निवासी दोन्देखुर्द हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः गातापार, अभनपुर में दीनदयाल आवास एल.आई.जी.भवन क्रमांक-07 के विक्रय के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

संपदा प्रबंधक,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना,विकास मण्डल
प्रक्षेत्र- नवा रायपुर अटल नगर

आम-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती अर्चना पाण्डेय, पति श्री संजय कुमार पाण्डेय, निवासी- एनएफ 08, पतरापाली रोड पहाडी व्यू बस्ती रायगढ छ.ग. ने विक्रेता श्रीमती भारती पति श्री कमल देवांगन निवासी बिंद्रा नवागढ रायपुर के स्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम-दोंदेखुर्द, (हर्ष भूमि सिंघानिया गोयल बिल्डकॉन) प.ह.न. 00013, रा.नि.मं. रायपुर-16-सारागांव, तह धरसीवां, जिला-रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि प्लाट नंबर 76, खसरा नंबर 110/5 रकबा 0.0178 हे., अर्थात 1923 वर्गफुट है को क्रय किए जाने का सौदा किया गया है। बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः जिस किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्द्धशासकीय को उपरोक्त सौदे पर किसी भी तरह की हक, उजर, दावा, आपत्ति हो वह इस आमसूचना प्रकाशन के 07 दिनों के अंदर अपने आपत्ति लिखित रूप से मय दस्तावेज मेरे नीचे लिखे पते पर मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। उक्त अवधि समाप्ति उपरांत कोई भी दावा आपत्ति मान्य नहीं होगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा विधि अनुसार शून्य करणीय मानी जावेगी।

अतः सूचना जाने।

दिनांक – 17/10/2026

पुष्कर साहू (अधिवक्ता)
एस-2डी/52, सेक्टर-3, स्ट्रीट नं. 3,प्रोफेसर कॉलोनी, रायपुर तह. व जिला-रायपुर (छ.ग.)
मो. 99261-69448

विधायक अनुज शर्मा ने धनेली में मां शीतला का किया दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलयारी

ग्राम पंचायत धनेली स्थित प्राचीन एवं प्रसिद्ध माँ शीतला मंदिर में पद्मश्री श्री अनुज शर्मा का आगमन हुआ। इस अवसर पर गांव की भीड़ भी माता के दर्शन के बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण उपस्थित रहे। सभी ने माँ शीतला के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।इस दौरान ग्राम विकास एवं जनहित के कार्यों के साथ माँ शीतला मंदिर परिसर के विकास पर भी चर्चा हुई। मंदिर परिसर के सुदृढ़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण की आवश्यकता से पद्मश्री श्री अनुज शर्मा को अवगत कराया गया, जिस पर उन्होंने इस दिशा में सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। जिसमें ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा युवा मोर्चा के नेता जिला उपाध्यक्ष, समिति व पूर्व सरपंच नरेंद्र साहू, दुलेश्वर साहू, ललित राव, टिकेंद्र साहू, दीपक निषाद,राहुल साहू, भुवन साहू, अर्जुन साहू, यशवंत, डोमार, त्रिभुवन, पंचू, गब्बर यशवंत,इशांत साहू, सुरेश निषाद, बैगा गिरधर वर्मा, शीतल मानस मंडली के अलावा संत असंग देव कबीर आश्रम, सोनपैरी के प्रमुख देवकर साहेब भी उपस्थित रहे। प्रदेश भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के सह–संयोजक नितिन गौरी शंकर अग्रवाल भी माता के दर्शन के लिए और 9 रात्रि के महत्व को भी बताया।



खटारा गाड़ियों के भरोसे मुक्तांजलि सेवा, निजी शव वाहनों को पैसे देने की मजबूरी, नया टेंडर जारी नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इलाज के दौरान मृत्यु का दुख सहने वाले परिवार को शव वाहन जैसी बुनियादी सेवा उपलब्ध कराने की डॉयल 1099 मुक्तांजलि योजना खटारा गाड़ियों के भरोसे हो गई है। प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के तीन महीने बाद भी इसका टेंडर जारी नहीं हो पाया है। जरूरत के समय सरकारी सुविधा नहीं मिलने की वजह से दुखी परिवार को निजी शव वाहन के लिए पैसे खर्च करना मजबूरी है। पिछले सात साल से दौड़ रही पुरानी गाड़ियां अपने उद्देश्यों को पूरा नहीं कर पा रही हैं।

वर्ष 2018 में निशुल्क शव वाहन की योजना को मुक्तांजलि सेवा के नाम से लागू किया गया था। संचालन एजेंसी का कार्यकाल पूरा हो चुका है और वर्तमान में वह एक्सटेंशन के रूप में अपनी सेवा प्रदान कर रही है। लगातार सात साल से चलने की वजह से योजना की गाड़ियां खटारा जैसी स्थिति में आ चुकी है और कई बार सही समय पर काम नहीं आ रही है। वैसे तो योजना का संचालन 164 शव वाहनों के साथ किया जा रहा है, मगर इसमें 125 वाहन ही काम के लायक हैं। शव वाहन की सुविधा को बेहतर बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने नई गाड़ियों के साथ नई एजेंसी नियुक्त करने की योजना बनाई थी। काफी कोशिशों के बाद विशेष डिजाइन वाली 242 गाड़ियों के साथ इसका ठेका जारी करने के प्रस्ताव को ओके कराया गया। योजना सीजीएमएससी के पास पहुंची और टेंडर की प्रक्रिया में अटक गयी। वर्तमान में डॉयल 1099 के टोल फ्री नंबर पर मिलने वाली इस निशुल्क सेवा का हाल-बेहाल है। समय पर सुविधा नहीं मिलने की वजह से दुखी परिवार को इसके लिए पैसे खर्च करने पड़ते हैं।

मरीज की मृत्यु के बाद सरकारी अस्पतालों से शव घर तक पहुंचाने की योजना

सरकारी हास्पिटल में सिमटी सुविधा

शव वाहन मुक्तांजलि सेवा की सुविधा सरकारी अस्पतालों तक सीमित है। यानी शासकीय हास्पिटलों में मृत्यु होने पर पार्थिव शरीर को घर पहुंचाया जाता है। वैसे तो यह सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराई जाती है मगर अक्सर डीजल खर्च के नाम पर परिवार वालों से पैसे वसूल लिया जाता है। शव वाहन नहीं मिलने की समस्या काफी आम है। दूसरी ओर निजी अस्पताल में अपनों की मृत्यु का दुख सह रहे परिवार को इसका फायदा नहीं मिल पाता। ऐसे परिवार को निजी शव वाहनों की व्यवस्था कर उन्हें निर्धारित शुल्क देना पड़ता है।



सरकारी आंकड़ों में 4 लाख से ज्यादा को राहत

सरकारी आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2018 से इस योजना का संचालन करने वाली एजेंस 'कम्युनिटी एक्शन थ्रू मोटीवेशन प्रोग्राम' (सीएएमपी-कैंप) को वर्ष 2023 में दो साल का एक्सटेंशन मिला था जो समाप्त हो चुका है। नियम के मुताबिक नया टेंडर होने तक पुरानी एजेंसी इसका संचालन करती रहेगी। सरकारी आंकड़ों का दावा है कि सात साल में करीब 4 लाख शवों को इसके माध्यम से घर तक पहुंचाया गया है। खासकर कोरोना कार्यकाल के दौरान इसका उपयोग संक्रमितों की मौत को अंतिम संस्कार करने श्मशान घाट तक ले जाने के लिए किया गया था।

मुख्यमंत्री दे चुके हैं निर्देश

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पिछले दिनों चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं की समीक्षा बैठक के दौरान शव वाहन की सुविधा सहित समय पर और आसानी से उपलब्ध कराने के निर्देश दे चुके हैं। उन्होंने शव वाहन सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश देते हुए स्वास्थ्य सेवाओं में मानवीय संवेदनाओं को सर्वोपरि रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा था कि किसी परिजन को खोना परिवार के लिए जीवन के सबसे कठिन और पीड़ादायक क्षणों में से एक होता है। ऐसे समय में परिवार को शव वाहन जैसी बुनियादी व्यवस्था के लिए परेशान होना उचित नहीं है।

खबर संक्षेप

धरसींवा में मातृ-शिशु स्वास्थ्य जागरूकता शिविर

रायपुर। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रायपुर की सिकल सेल समिति ने जैव रसायन विभाग तथा एसोसिएशन ऑफ बायोकेमिस्ट्री क्लिनिकल वेलफेयर सोसाइटी के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धरसींवां में गर्भावस्था एवं नवजात शिशुओं की स्क्रीनिंग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से शिविर आयोजित किया। कार्यक्रम का आयोजन डीन शैक्षणिक एलि मोहापात्रा, अधिष्ठाता अध्यक्ष सिकल सेल समिति एवं विभागाध्यक्ष जैव रसायन विभाग, एम्स रायपुर के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं नवजात शिशुओं की माताओं, मितानिनों तथा अन्य स्वास्थ्यकर्मियों सहित 60 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। डॉ. सुप्रवा पटेल ने गर्भावस्था के दौरान एनीमिया, उच्च रक्तचाप, गर्भावधि मधुमेह तथा आनुवंशिक विकारों की समय पर पहचान के लिए प्रसवपूर्व स्क्रीनिंग के महत्व पर प्रकाश डाला।

निधन

दिवाकर तामस्कर

रायपुर। समता कॉलोनी निवासी



दिवाकर तामस्कर (87) का 18 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 अक्टूबर को सुबह 10.30 बजे उनके निवास स्थान से कोटा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे संगीता निमोणकर एवं अनुपमा बोधनकर के पिता थे। वे महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सदस्य एवं शासकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय के सेवानिवृत्त प्राध्यापक थे।

निर्मला बेहार

रायपुर। सुंदरनगर निवासी निर्मला



बेहार का 16 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे स्व. डॉ. रामकुमार बेहार की पत्नी और मीनल, मितेश, मिली बेहार की माता थीं।

गणेश प्रसाद अग्रवाल

रायपुर। देवेंद्र नगर निवासी गणेश



प्रसाद अग्रवाल का 18 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे उनके निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे रामावतार, महेश के भाई और मनोज, मनीष के पिता थे।

दीपशिखा पाण्डेय

रायपुर। सुंदर नगर पोस्ट ऑफिस के



पास निवासी दीपशिखा पाण्डेय (70) का 18 अक्टूबर को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 19 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे निवास स्थान से महादेवघाट श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे सीपी पाण्डेय की पत्नी, श्वेता शर्मा, सुमित पाण्डेय और सुशांत पाण्डेय की माता थीं।

डब्ल्यूआरएस-रावणभाठा, बीटीआई समेत दर्जनभर स्थानों पर रावण-दहन, सुरक्षा का रहेगा पुख्ता इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में हर बार की तरह इस साल भी विजयादशमी के दिन डब्ल्यूआरएस, रावणभाठा एवं बीटीआई ग्राउंड जैसे प्रमुख स्थलों पर भव्य रूप से रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन तीनों के अलावा सप्रे स्कूल, समता कालोनी, चौबे कालोनी, छत्तीसगढ़ नगर, हरदेवलाला मंदिर प्रांगण टिकरापारा, बोरियाखुर्द सहित अन्य जगहों पर छोटे रूप में रावण दहन कार्यक्रम होंगे। दशहरा उत्सव कार्यक्रम को लेकर पुलिस प्रशासन भी तैयारियों में जुटा हुआ है। अधिकारियों के अनुसार पिछली बार की तरह इस बार भी दशहरा उत्सव के दिन कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस अधिकारियों सहित 7 सौ पुलिस कर्मी के जवान तथा यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए लगभग साढ़े तीन सौ ट्रैफिक जवान तैनात रहेंगे।

- दशहरा उत्सव कार्यक्रम स्थलों-मार्गो पर ट्रैफिक समेत लगभग एक हजार पुलिस जवान तैनात रहेंगे



बाजार में 500 से 25 हजार तक के रावण

रायपुर। विजयादशमी पर्व की तैयारियों जोर-शोर से की जा रही हैं। 20 अक्टूबर को दशहरे के दिन दशानन का दहन किया जाना है। ऐसे में गली-मोहल्लों में जलाए जाने वाले रावण बाजारों में उपलब्ध कराए गए हैं। आजकल रेडिमेड रावण का प्रचलन है, इसलिए बाजार में 500 रुपए से 25 हजार रुपए कीमत तक के रावण के पुतले बिक्री किए जा रहे हैं।

रावणभाठा-बीटीआई मैदान पर भव्य आयोजन

अंतर्राज्यीय बसस्टैंड से लगे ऐतिहासिक रावणभाठा मैदान एवं शंकरनगर स्थित बीटीआई ग्राउंड पर भी भव्य रूप से दशहरा उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। रावणभाठा में हर साल एक लाख से अधिक जनता रावण-दहन कार्यक्रम देखने पहुंचती है। इसे देखते हुए यहां भी लगभग 70 पुलिस जवान तैनात रहेंगे। बीटीआई ग्राउंड में भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। यहां भी मंत्री, सांसद, विधायक सहित कई वीआईपी लोग पहुंचते हैं। यहां भी सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया जाएगा।

इस तरह रहेगी पार्किंग व्यवस्था एवं रूट प्लान

- गत वर्ष की तरह इस बार भी ट्रैफिक पुलिस रावण दहन कार्यक्रम स्थलों पर दोपहिया एवं चारपहिया वाहन से जाने वाली गाड़ियों की पार्किंग के लिए स्थान तय करेगा। संभवतः यह लगभग पिछले वर्ष की भांति रहेगा। डब्ल्यूआरएस कालोनी मैदान में फाफाडीह की तरफ से आने वाले दर्शकों के लिए खमतराई ओवरब्रिज के नीचे से होकर डब्ल्यूआरएस कालोनी जा सकेंगे तथा वाहन को डब्ल्यूआरएस कालोनी के अंदर की गलियों में एवं केंद्रीय विद्यालय के बगल मैदान में पार्क कर यहां से पैदल दशहरा मैदान में प्रवेश कर पाएंगे। इसी प्रकार खमतराई, उरकुरा की ओर से आने वाले दर्शक अपने वाहन रेलवे क्रासिंग के पास पार्क करेंगे।
- रावण भाठा मैदान में दशहरा उत्सव देखने आने वाले दर्शक अपने वाहन को रिंग-रोड नं. 01 में बस स्टैंड प्रवेश मार्ग में एक किनारे पार्क करना होगा। नेहरू नगर की ओर से आने वाले दर्शक अपना वाहन बस टर्मिनल के सामने खाली मैदान में पार्किंग कर पैदल दशहरा मैदान में प्रवेश कर पाएंगे, वहीं बस स्टैंड में प्रवेश करने वाले सभी बसें भाठागांव चौक से नीलकंठेश्वर मंदिर मार्ग से गेट नंबर 2 से बस स्टैंड प्रवेश करेंगी।
- बीटीआई ग्राउंड दशहरा मैदान में आने वाले दर्शक अपना वाहन कचना खम्हारडीह जाने वाले मार्ग के किनारों में अपना वाहन पार्क कर पैदल दशहरा मैदान में प्रवेश कर पाएंगे। शंकर नगर मुख्य मार्ग पर वाहन की पार्किंग प्रतिबंधित रहेगा।
- चौबे कालोनी में दशहरा उत्सव देखने आने वाले दर्शक जीई रोड से चौबे कालोनी टर्निंग होकर एवं अग्रसेन चौक से समता कालोनी होकर जा सकेंगे, जो अपना वाहन दशहरा मैदान के पास मुख्य मार्ग को छोड़कर संपर्क मार्गों की गलियों में पार्क कर दशहरा मैदान में पैदल प्रवेश करेंगे।
- सप्रे शाला में दशहरा उत्सव देखने आने वाले दर्शकों को वाहन बूढ़ातालाब पार्किंग स्थल में एवं गांधी मैदान पार्किंग स्थल पर पार्क करना होगा।

सूर्योदय के समय व्याप्त रही अष्टमी तिथि, 10.51 बजे प्रारंभ होगी नवमी, रवि योग में दशहरा कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सोमवार को सूर्योदय के समय अष्टमी तिथि व्याप्त होने के कारण अष्टमी और नवमी दोनों ही सोमवार को मनाई जाएगी। अष्टमी तिथि रविवार को सुबह 8 बजकर 27 मिनट पर प्रारंभ हुई, लेकिन सूर्यास्त के समय सप्तमी तिथि व्याप्त थी। ऐसे में कई स्थानों पर शनिवार के साथ-साथ रविवार को भी सप्तमी तिथि मनाई गई। अष्टमी तिथि सोमवार को सुबह 10:51 बजे तक व्याप्त रहेगी। इसके बाद नवमी तिथि प्रारंभ हो जाएगी। नवमी 20 अक्टूबर, मंगलवार को दोपहर 12:50 बजे तक व्याप्त रहेगी। सोमवार सुबह 10:51 बजे के बाद नवमी तिथि लगने के कारण, उदयातिथि और विशेष योग के कारण इसी दिन कन्या पूजन और महाष्टमी-महानवमी की मुख्य पूजा का संयोग बन रहा है।

- रविवार प्रातः 8:27 बजे प्रारंभ हुई थी अष्टमी तिथि, आज 10:51 बजे समापन

अधिकतर मंदिरों में हवन अष्टमी तिथि समाप्ति के कुछ समय पूर्व प्रारंभ किया जाता है, ताकि अंतिम आहूति के समय नवमी तिथि प्रारंभ हो चुकी हो। अर्थात हवन अष्टमी तिथि में प्रारंभ कर नवमी में समापन किए जाने विधान है। ऐसे में अधिकतर स्थानों में सोमवार को ही हवन और कन्या पूजन होगा। नवरात्रि में अष्टमी और नवमी तिथि का संधि काल (मिलन का समय) बहुत ही पवित्र और ऊर्जावान माना जाता है।

कन्या पूजन के लिए मुहूर्त प्रातःकाल

नवमी तिथि पर मां सिद्धिदात्री की पूजा के लिए शुभ समय 19 अक्टूबर को सुबह 10 बजकर 51 मिनट से शाम 5 बजकर 48 मिनट तक बताया गया है। इस अवधि में श्रद्धालु विधि-विधान से माता की पूजा व हवन कर सकते हैं। पूजा के दौरान देवी को पुष्प, फल, मिठाई और अन्य पूजन सामग्री भी अर्पित की जाएगी। इसके लिए भी शहर के बाजारों में पूरे दिन बिक्री होती रही। इसके बाद परंपरा के अनुसार हवन और कन्या पूजन किया जा सकता है। धार्मिक रीति-रिवाजों का पालन करने के बाद व्रत का पारण भी किया जाएगा। सोमवार को कन्या पूजन के लिए सुबह 6 बजकर 30 मिनट से 10 बजकर 30 मिनट तक का समय विशेष शुभ माना गया है।

कार्यों में मिलेगी सिद्धि

वहीं रवि योग में दशहरा मंगलवार को मनाया जाएगा। ज्योतिष शास्त्र में रवि योग को बेहद प्रभावशाली और दोषों का नाश करने वाला माना जाता है। इस योग में की गई पूजा से नकारात्मकता दूर होती है और कार्यों में सिद्धि मिलती है। दशमी तिथि के साथ श्रवण नक्षत्र का मिलना बेहद मंगलकारी माना गया है। 20 अक्टूबर को शाम 06:02 बजे तक श्रवण नक्षत्र रहेगा, जो भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की कृपा पाने के लिए उत्तम है। इस समय तुला राशि में सूर्य, बुध और शुक्र की युति चल रही है। सूर्य-बुध के मिलन से बुधादित्य योग और सूर्य-शुक्र के मिलने से शुक्रादित्य योग का निर्माण हो रहा है, जो कई राशियों के लिए भाग्यशाली साबित होगा। गौरतलब है कि विजयादशमी के दिन को अबूझ मुहूर्त माना जाता है, जिसमें पंचांग देखे बिना नए व्यापार की शुरुआत, वाहन की खरीदारी या कोई भी मांगलिक कार्य शुरू किया जा सकता है।



10 साल बाद दशहरा से कुरुद...

जबकि बस से जाने में करीब 60 रुपए तक खर्च करने पड़ते हैं। इसी तरह रायपुर से रावघाट तक ट्रेन का किराया 55 रुपए बताया गया है, जबकि बस से सफर करने में करीब 150 रुपए तक खर्च होते हैं। ऐसे में नई रेल सेवा शुरू होने से यात्रियों को आर्थिक राहत मिलने की उम्मीद है। ट्रेन सेवा के शुभारंभ का कार्यक्रम रायपुर रेलवे स्टेशन पर प्रस्तावित है। इसमें रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल होंगे। वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव तथा विजय शर्मा भी उपस्थित रहेंगे। इसी अवसर पर रायपुर में इलेक्ट्रिक रेल इंजन मेंटेनेंस फैसिलिटी का शिलान्यास भी किया जाएगा।

सुबह रावघाट से चलेगी...

4.35 बजे दल्लीराजहरा, 6.25 बजे ताड़ोकी और शाम 7 बजे रावघाट पहुंचेगी। प्रस्तावित समय-सारिणी के अनुसार ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी।

नियमित यात्रियों...

रावघाट तक रेल संपर्क बढ़ने से क्षेत्रीय आवागमन को भी बढ़ावा मिलने की संभावना है। अब इन सेवाओं की सफलता इस बात पर निर्भर करेगी कि रेलवे यात्रियों की जरूरतों के अनुरूप परिचालन और सुविधाएं कितनी प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराता है।

कुरुद रूट पर यात्री...

बढ़ने की बात सामने आती रही है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, रायपुर से राजिम के बीच दिन में तीन ट्रेनों की सुविधा होने के बावजूद रोजाना करीब 200 से 300 यात्री ही सफर कर रहे हैं। ऐसे में कुरुद रूट पर भी यात्रियों को आकर्षित करने के लिए रेलवे को समय-सारिणी, स्थानीय परिवहन से बेहतर कनेक्टिविटी पर ध्यान देना होगा।

पेज 09 के शेष ...

शुरुआती दौर में यात्रियों की संख्या कम रहने पर रेलवे को परिचालन लागत के मुकाबले कम राजस्व मिलने की आशंका भी रहेगी।

बीएसयूपी जरवाय, हीरापुर...

वार्ड पार्षद संदीप साहू की शिकायत है कि जोन से लेकर निगम मुख्यालय में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार ध्यान आकर्षित कराया। इसके बाद भी 90 फीसदी जगहों पर स्ट्रीट लाइट बंद हैं। अटारी से नंदनवन रोड का भी यही हाल है।

गोलबाजार-गंज मंडी की ...

गाइडलाइन के हिसाब से युक्तियुक्तकरण कर सालाना किराया तय किया जाएगा। महीनेभर में निगम आयुक्त को यह रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी। दरअसल नगर निगम द्वारा सालों पूर्व लाइसेंसी दुकानों का नए अचल संपत्ति व्ययन अधिनियम के तहत सालाना किराया कलेक्टर गाइडलाइन के हिसाब से नियमानुसार निर्धारित किया जाएगा। इसके लिए बाजार विभाग की टीम इन दिनों लाइसेंसी दुकानों की नापजोख कर रही है। वर्तमान में राजधानी के गोलबाजार और गंज पड़ाव में सर्वे कार्य किया जा रहा है।

इसके लिए 4-4 कर्मचारियों की दो टीमें बनाकर दुकानों की नापजोख कराई जा रही है। गोलबाजार में 500 दुकानें लाइसेंसी हैं, जिनका सर्वे कार्य निगम की टीम कर रही है। इसी तरह गंज पड़ाव की 600 लाइसेंसी दुकानों की भी नापजोख होनी है। सूत्रों के मुताबिक, बाजार विभाग की टीम ने अब तक गोलबाजार के 100 लाइसेंसी दुकानों और गंज पड़ाव की 100 लाइसेंसी दुकानों की नापजोख का कार्य पूरा कर लिया है।

न्यूनतम तापमान में ...

की स्थिति बनने की वजह से तापमान में गिरावट आने की पूरे आसार हैं। वर्तमान में दिन का तापमान राज्य में 30 डिग्री से ऊपर और न्यूनतम पारा 21 से 25 डिग्री के बीच दर्ज किया जा रहा है, जो सामान्य से अधिक है। 21 अक्टूबर यानी विजयादशमी के दूसरे दिन से इसमें गिरावट आने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक अभी तक न्यूनतम पारा में मौसम में बदलाव की वजह से उतार-चढ़ाव हो रहा था। इसमें न्यूनतम गिरावट का यह पहला दौर होगा। सप्ताहभर यानी हवा की दिशा में बदलाव होने तक रात का पारा अपनी सामान्य स्थिति में आ जाएगा, इससे ठंड महसूस होगी। रविवार को दिन का अधिकतम तापमान 33.2 तथा सबसे कम अंबिकापुर का 18 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

नशे में धुत सौतेला पिता मां...

पत्नी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस तीनों बच्चों की अच्छी तरह से देखरेख हो सके, इसके लिए उन्हें फिलहाल बाल संरक्षण केंद्र भेजा है।

लगभग 6 महीनों से महिला एवं...

गाली-गलौज कर उसे पीटा करता था, लेकिन हद तब पार हो गई, जब 3 साल के बच्चे को राजा ने बेहरमी से पीटा, जिससे उसकी आंखे सूज गई, उसका एक हाथ फ्रैक्चर हो गया तथा पीठ पर सिगरेट से जलाए गए निशान मिले। इस घटना की सूचना पुलिस को बच्चे की 6 वर्षीय बड़ी बहन लक्ष्मी की सूचना पर मोहल्लेवासियों ने दी। बताया गया कि मोहल्लेवासियों ने इस मामले में पुलिस को जानकारी भी दी है कि बच्चों के साथ उसका सौतेला पिता अक्सर मारपीट करता था, लेकिन बच्चों की मां अपने पति को रोकने का प्रयास भी नहीं करती थी।

10वीं-12वीं के छात्र परीक्षा दिलाने जाएंगे दूसरे गांव, क्योंकि मूल अध्ययनरत शाला में परीक्षा अब बैन!

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षा में केंद्र के लिए की जा रही नई व्यवस्था को लेकर विरोध की स्थिति निर्मित हो गई है। छात्रों की परेशानियों को देखते हुए शिक्षक संघ ने मांग की है कि पुरानी व्यवस्था को बनाए रखा जाए।

शिक्षकों का कहना है कि इससे ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों को अधिक समस्या उठानी पड़ेगी। गौरतलब है कि माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा 15 अक्टूबर को आयोजित वर्चुअल बैठक में सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिया गया था कि सत्र 2026-27 से बोर्ड परीक्षा के लिए छात्रों की मूल अध्ययनरत शाला में बने परीक्षा केंद्र को छोड़कर अन्य समीपस्थ दीगर स्कूलों में परीक्षा केंद्र परीक्षा देने हेतु नई व्यवस्था बनाया जाए। अब तक यह व्यवस्था शहरी क्षेत्र के स्कूलों के लिए ही लागू थी। अर्थात शहरी क्षेत्र के विद्यार्थियों को ही परीक्षा दिलाने अपने विद्यालय के स्थान पर दूसरे विद्यालय जाना होता था। ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थी अपने विद्यालय में ही परीक्षा दिलाते रहे हैं। नवीन व्यवस्था लागू होने की स्थिति में ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को भी परीक्षा दिलाने दूसरे विद्यालय जाना होगा।

खास खबर

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने वर्चुअल बैठक में दिए थे निर्देश



अब तक केवल शहरों में थी यह व्यवस्था, विरोध में उतरे छात्र

जाना होगा दूसरे गांव

दूरस्थत ग्रामीण क्षेत्रों में सामान्यतः पूरे गांव में एक ही स्कूल होते हैं। अपने स्कूल में ही परीक्षा दिलाने संबंधित व्यवस्था हटाने के बाद उन्हें दूसरे गांव परीक्षा दिलाने जाना होगा। शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि यह निर्णय खासकर अनुसूचित क्षेत्रों के लिए पूरी तरह आपत्तिजनक और अव्यवहारिक है। उन्होंने कहा है कि हाई व हायर सेकेंडरी में पालक अपने छात्रों को निकट के शाला में एडमिशन कराते हैं, जिससे उन्हें सुलभ शिक्षा व्यवस्था मिल सके, किन्तु अब 10 वीं व 12 वीं की बोर्ड परीक्षा में उन्हें अपने स्कूल के परीक्षा केंद्र को छोड़कर अन्य परीक्षा केंद्र में परीक्षा देना होगा, जिससे दूर के अन्य परीक्षा केंद्र में पहुंचना मुश्किल होगा और वे परीक्षा से वंचित होंगे, पहले नगरीय क्षेत्रों में यह व्यवस्था थी, किन्तु ग्रामीण क्षेत्रो के लिए यह अव्यवहारिक व आपत्तिजनक है क्योंकि परीक्षा केंद्र दूर में है।

नहीं है आवागमन का साधन

प्रदेश के अनुसूचित जिलों के कई क्षेत्र अतिसंवेदनशील, वनाच्छादित और जंगली जानवरों के विचरण वाले क्षेत्रों में से हैं। शासन ने स्वयं छात्रहित, विशेषकर बालिकाओं की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए प्रत्येक 5 किमी पर हाई-हायर सेकेंडरी स्कूल खोले हैं। आज भी ग्रामीण अंचलों में बच्चे 4-5 पंचायतों से 3-4 किमी पैदल चलकर पढ़ने आते हैं। नए नियम से वर्तमान केंद्र से नए केंद्र की दूरी 5 से 8 किमी और बढ़ जाएगी। अनुसूचित क्षेत्रों में आवागमन के साधन नगण्य हैं। ऐसे में बड़ी संख्या में परीक्षार्थी मुख्य परीक्षा से वंचित हो सकते हैं, जिससे छात्र संख्या और शिक्षा के स्तर में भारी गिरावट आएगी। शिक्षक संघ ने सीएम, शिक्षामंत्री सहित अन्य अधिकारियों को खत लिखकर नया नियम वापस लेने की मांग की है।

खबर संक्षेप



कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के संयोजक का चुनाव 23 को

रायपुर। छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की जिला शाखा नवा रायपुर के संयोजक का निर्वाचन 23 अक्टूबर को दोपहर 12:30 बजे इंद्रावती भवन के तृतीय तल स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल क्रमांक-5 में होगा। निर्वाचन प्रांतीय पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में संपन्न कराया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर फेडरेशन के पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, संचालनालय विभागाध्यक्ष कर्मचारी संघ के अध्यक्ष जय साहू और नवा रायपुर फेडरेशन के संयोजक संतोष कुमार वर्मा सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी शामिल हुए।

थाना में तोड़फोड़ मामले में भाजयुमो नेता शुभांकर-प्रदीप गिरफ्तार, भेजे गए जेल

रायपुर। राजधानी रायपुर के गुढ़ियारी थाने में डीजे छुड़ाने को लेकर अपने समर्थकों के साथ पहुंचकर तोड़फोड़ करने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) नेता शुभांकर द्विवेदी एवं प्रदीप सिंह सैनी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद दोनों को कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया है। गणेशोत्सव के दौरान गुढ़ियारी पुलिस ने सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के विरुद्ध बजा रहे एक डीजे संचालक के खिलाफ कार्रवाई की थी। इस कार्रवाई के दौरान डीजे को जब्ती बनाकर थाना लाया गया था। इधर पुलिस की इस कार्रवाई के कुछेक घंटों के बाद भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारी शुभांकर द्विवेदी, प्रदीप सिंह सैनी अपने अन्य समर्थकों के साथ थाने पहुंचे और पुलिस की इस कार्रवाई का विरोध करते हुए बिना शर्त के डीजे को छोड़ने की बात करने लगे। इस दौरान आरोपियों ने थाना प्रभारी को धमकाने का भी प्रयास किया। इसके बाद भी थाना प्रभारी ने डीजे को छोड़ने से इंकार कर दिया, जिसके बाद गुस्से में दोनों ने थाना प्रभारी के कक्ष में जमकर तोड़फोड़ कर वहां से फरार हो गए। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज कर जांच करते हुए दोनों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है।

जिला स्तर पर होगा छग कर्मचारी-अधिकारी संघ का विस्तार

रायपुर। छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर जिला संयोजकों की नियुक्ति के लिए प्रांतीय पर्यवेक्षक नियुक्त किये गये हैं। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन जिला शाखा नवा रायपुर के जिला संयोजक नियुक्त करने हेतु तिथि निर्धारण के संबंध में नवा रायपुर फेडरेशन के पदाधिकारियों की बैठक अरण्य भवन सेक्टर 19 नवा रायपुर में आयोजित की गई। बैठक में 23 अक्टूबर शुक्रवार को दोपहर 12:30 बजे से नवा रायपुर फेडरेशन के संयोजक का चुनाव कराया जाना प्रस्तावित है। इसकी आवश्यक तैयारियों की व्यवस्था हेतु नवा रायपुर कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन एवं संचालनालयीन संघ, अरण्य भवन कर्मचारी अधिकारी संघ, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

छत्तीसगढ़ के पास 9 टेस्टिंग वाहन पर सब के सब बेकार खड़े हुए

दस मिनट की जांच में लग रहे दस दिन क्योंकि मोबाइल लैब यूनिट के पहिए जाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

जिस खाद्य पदार्थ की जांच दस मिनट में हो जानी चाहिए उसके लिए भी दस दिन लग रहा है। इसकी एकमात्र वजह मोबाइल लैब यूनिट का संचालन नहीं होना है। त्योहार नजदीक आने के बाद भी इसे चलाने के लिए केंद्र सरकारी से पैसे नहीं मिलने की वजह से टेंशन ज्यादा है। छत्तीसगढ़ के पास मोबाइल लैब यूनिट की कुल 9 गाड़ियां हैं, जो रायपुर समेत विभिन्न जिलों में घूमकर खाद्य पदार्थों की जांच करती हैं।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन गुणवत्ता पूर्ण खाद्य पदार्थों की उपलब्धता के लिए व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में लगातार जांच कर रहा है। पिछली बार दिवाली में विभाग की मोबाइल लैब यूनिट इस जांच अभियान में काफी मददगार हुई थी। दुकानों में बिकने वाले खाद्य पदार्थों की तत्काल जांच और मिलावट मिलने पर उसे तत्काल नष्ट कर संबंधित प्रतिष्ठान के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाती थी। इस बार त्योहार नजदीक आ चुका है, मगर इस वाहन से जांच शुरू नहीं की जा चुकी है। इसकी एकमात्र वजह मोबाइल लैब यूनिट को चलाने के लिए केंद्र सरकार से फंड नहीं मिलना है। इस वाहन के स्टॉफ और मौजूदा लैब के रखरखाव की जिम्मेदारी केंद्र शासन यानी एफएसएसएआई की है। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा तमाम कागजी प्रक्रिया पूरी की जाने के बाद भी फंड का आवंटन नहीं कर रहा है और गाड़ियां जांच शुरू करने के इंतजार में सात महीने से खड़ी हैं। वर्तमान में राज्य के खाद्य सुरक्षा अधिकारी अपनी प्रक्रिया के तहत खाद्य पदार्थों का सैंपल लेकर जांच के लिए भेज रहे हैं। इनकी रिपोर्ट आने में काफी दिन लगने की वजह से कार्रवाई लेट हो जाती है।

हरिभूमि सरोकार

सात महीने से खड़ी गाड़ियों को चलाने केंद्र सरकार से मिल नहीं रहा पैसा



दिवाली पर जांच अभियान

दिवाली पर खाद्य पदार्थों की जांच के लिए विभागीय स्तर पर गाइड लाइन जारी किया जा चुका है। त्योहार पर तैयार मिठाई सहित अन्य खाद्य पदार्थों के साथ बड़े बाजारों में बिकने वाले कच्चे राशन की जांच भी की जा रही है। पिछले दिनों शहर के तीन बड़ी दुकानों में जाकर बिकने वाले आटा, मैदा, सूजी जैसे सामानों के नमूने एकत्रित किए गए। वहीं खराब मिलने वाले कई सामान को नष्ट कराया गया था।

शासन स्तर पर एमओयू का था मसला

जानकारी के मुताबिक खाद्य एवं औषधि प्रशासन केंद्र सरकार से मिले इस वाहन के संचालन के लिए हुए एमओयू का रिनीवल अन्य व्यस्तता के कारण नहीं करा पाए थे। इसकी वजह से फूड सेफ्टी एंड स्टैडर्ड अथारिटी ने पेट्रोल और इस टेस्टिंग लैब के स्टॉफ के लिए फंड पर रोक लगा दी थी। बाद में विभागीय स्तर पर इस काम को पूरा तो कर लिया गया मगर एफएसएसएआई ने अपनी रोक वापस नहीं ली। तब से इन वाहनों को एफडीए के कार्यालय में खड़ा कर दिया गया है।

बिजली बंद के कारण बिल में नुकसान

स्टील उद्योग नियामक आयोग में लगाएगा 50 करोड़ भरपाई की याचिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



बिजली कटौती के कारण प्रदेश के मिनी स्टील प्लांट को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। एक तरफ जहां उनका दो हजार करोड़ का उत्पादन प्रभावित हुआ है, वहीं बिजली बिल में भी एक मिनी स्टील प्लांट को करीब 50 लाख का फटका लगा है।

प्रदेश में सौ स्टील प्लांट हैं, ऐसे में कुल 50 करोड़ का नुकसान हुआ है। अब इस 50 करोड़ की भरपाई के लिए मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन बिजली नियामक आयोग में याचिका लगाने वाला है, ताकि छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी से उसको राहत मिल सके। प्रदेश में इस बार सितंबर और अक्टूबर में जमकर बिजली संकट आया। इसके कारण उद्योगों की बिजली में बड़ी कटौती की गई। सितंबर में जहां उद्योगों की 23 दिनों तक 5 से 7 घंटों तक बिजली कटौती की गई, वहीं अक्टूबर में यह कटौती 12 से 14 घंटे की गई। ऐसे में उद्योगों को इसके कारण बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है।

■ एक मिनी स्टील प्लांट को लगा है 50 लाख का फटका

बिजली बिल में भी बड़ा झटका

मिनी स्टील प्लांट एसोसिएशन के महासचिव मनीष धुप्पड़ के मुताबिक उत्पादन कम होने के करण नुकसान हुआ है वह तो अलग है, इसी के साथ बिजली बिल में बड़ा नुकसान होने वाला है। उन्होंने बताया एक-एक स्टील प्लांट का लोड तीन हजार से दस हजार किलो वॉट तक है। ऐसे में औसत छह हजार किलो वॉट मान ले तो 400 रुपए प्रति किलो वाट के हिसाब से ही 24 लाख रुपए का शुल्क लगता है। जब बिजली पूरी मिली नहीं है तो इतना शुल्क दे पाना संभव नहीं होगा। श्री धुप्पड़ के मुताबिक सबसे बड़ा झटका उद्योगों को लोड फैक्टर में लगा है। इसमें एक-एक उद्योगों को 40 से 45 लाख का नुकसान है। लोड फैक्टर के कारण करीब डेढ़ रुपए प्रति यूनिट में राहत मिलती है, लेकिन बिजली कटौती के कारण यह राहत न मिलने से नुकसान है। कुल मिलाकर प्रति प्लांट का बिजली बंद होने के कारण डिमांड शुल्क और लोड फैक्टर को मिलाकर 50-50 लाख का नुकसान हुआ है। ऐसे में एसोसिएशन ने फैसला किया है कि इस नुकसान की भरपाई के लिए बिजली नियामक आयोग में याचिका लगाएंगे ताकि छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी से बिजली बिल में राहत मिल सके। इसके लिए याचिका तैयार करवा रहे हैं, दशहरे के अवकाश के बाद याचिका लगाएंगे।

वैज्ञानिक सोच विकसित करने छात्र छात्राओं को दिया जाएगा साइंस चैलेंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) स्कूली विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए साइंस चैलेंज आयोजित कर रहा है। इस प्रतियोगिता में आठवीं से दसवीं कक्षा के विद्यार्थी हिस्सा ले सकेंगे। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, तार्किक क्षमता और समस्या समाधान कौशल विकसित करना है।

यह प्रतियोगिता दो चरणों में आयोजित की जाएगी। पहला चरण स्कूल स्तर पर और दूसरा अंतर-विद्यालय स्तर पर होगा। दोनों चरणों में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। पहले चरण के लिए पंजीकरण 14 अक्टूबर से शुरू हो गया है। छात्र 30 अक्टूबर तक पहले चरण के लिए पंजीकरण करा सकेंगे। पहले चरण की प्रतियोगिता दो नवंबर से 13 नवंबर के बीच स्कूल स्तर पर आयोजित होगी। इसमें विद्यार्थियों को बहु-विकल्पीय प्रश्न हल करने होंगे। उनके प्रदर्शन का आकलन सही उत्तरों के साथ सवाल हल करने में लगे समय के आधार पर भी किया जाएगा। सीबीएसई दो नवंबर को पोर्टल पर प्रश्नपत्र और मूल्यांकन संबंधी दिशा-निर्देश उपलब्ध कराएगा। विद्यार्थियों को प्रश्नपत्र हल करने के लिए अधिकतम 60 मिनट मिलेंगे।

प्रथम चरण की प्रतियोगिता होगी विद्यालय स्तर पर



कंप्यूटर आधारित होगा दूसरा चरण

स्कूलों को साइंस चैलेंज पोर्टल पर अपने एलओसी लॉगिन विवरण के जरिए प्रवेश करना होगा। यहां पहले चरण में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या दर्ज करनी होगी। सभी सवालों के सही जवाब देने वाले विद्यार्थियों को चयन में प्राथमिकता मिलेगी। पहले चरण के प्रदर्शन के आधार पर प्रत्येक स्कूल आठवीं, नवमी और दसवीं कक्षा से दो-दो विद्यार्थियों का चयन करेगा। इन छह विद्यार्थियों का दूसरे चरण के लिए 17 नवंबर से 25 नवंबर तक पंजीकरण होगा। दूसरा चरण कंप्यूटर आधारित होगा, जिसे बोर्ड 30 नवंबर से 4 दिसंबर 2026 के बीच आयोजित करेगा। इसमें भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों को ऑनलाइन सहभागिता प्रमाणपत्र दिया जाएगा। बेहतर प्रदर्शन करने वालों को प्रशंसा प्रमाणपत्र मिलेगा।

जोरा में एक और ग्रेन एटीएम खुलेगा क्षेत्र के कार्ड धारकों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत कार्ड धारकों को सुविधा तथा पारदर्शिता के साथ चावल मिले, इसके लिए अन्नपूर्ति ग्रेन एटीएम केंद्र खोले जा रहे हैं। प्रदेश में अभी तक राजधानी रायपुर, बिलासपुर एवं दुर्ग में एक-एक ग्रेन एटीएम सेंटर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लांच किया गया है, लेकिन जिस तरह से ग्रेन एटीएम को कार्ड धारकों का रिस्पांस मिल रहा है तथा बैंक एटीएम की तरह कार्ड या आधार नंबर लिखकर एटीएम से आसानी से चावल प्राप्त कर रहे हैं, उसे देखते हुए अब खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग ग्रेन एटीएम केंद्रों की संख्या बढ़ाने की प्रक्रिया शुरू कर रहा है। इसी कड़ी में राजधानी रायपुर के जोरा क्षेत्र में और एक एटीएम केंद्र खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। विभाग के अधिकारी के अनुसार दीपावली से पहले इस केंद्र का शुभारंभ किए जाने की तैयारी है।

ग्रेन एटीएम केंद्र में कार्ड धारक अपने से कार्ड नंबर या आधार नंबर डालकर चावल प्राप्त कर रहा है। इसके लिए उचित मूल्य दुकान की तरह लाइन लगाने की जरूरत भी नहीं पड़ रही है, क्योंकि एटीएम केंद्र सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहता है। इस दौरान कार्ड धारक अपने समय के अनुसार कभी भी एटीएम केंद्र में जाकर चावल प्राप्त कर सकता है। कार्ड धारकों को चावल प्राप्त करने में दुकान की अपेक्षा समय भी कम लग रहा है। एटीएम केंद्र दिनभर खुला रहता है, इसलिए उचित मूल्य दुकान की तरह यहां भीड़ नहीं लगती है, जिससे कम समय में हितग्राही चावल प्राप्त कर रहा है।

बिरगांव के बाद अब जोरा में खुलेगा

रायपुर में पहला ग्रेन एटीएम केंद्र ट्रांसपोर्टनगर बिरगांव में खुला है। इस एटीएम के खुलने के बाद इस क्षेत्र वासियों को बड़ी राहत मिली है।आसपास के ज्यादातर कार्ड धारक एटीएम जाकर चावल प्राप्त कर रहे है। इधर दूसरा ग्रेन एटीएम केंद्र अब जोरा में खोलने की तैयारी की जा रही है। इसकी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है।

चावल वितरण में रायपुर आगे

ग्रेन एटीएम केंद्र के माध्यम चावल वितरण में बिलासपुर और दुर्ग की तुलना में रायपुर आगे है। 17 अक्टूबर की स्थिति में रायपुर में 487.17 क्विंटल चावल का वितरण हो चुका है, जबकि बिलासपुर में 396.28 क्विंटल एवं दुर्ग में 90.63 क्विंटल चावल का वितरण हुआ है। रायपुर में जिस तरह से ग्रेन एटीएम को रिस्पांस मिल रहा है। उसे देखते हुए विभाग अब सभी जोन क्षेत्रों में एक-एक ग्रेन एटीएम केंद्र खोलने संबंधित प्रस्ताव बना रहा है।

दीपावली तक खोलने की तैयारी

बिरगांव में खुले ग्रेन एटीएम केंद्र को जिस तरह से रिस्पांस मिला है, उसे देखते हुए अब ग्रेन एटीएम की संख्या बढ़ाई जाएगी। दूसरा केंद्र जोरा में खोला जाएगा, जिसकी प्रक्रिया जारी है। - **भूपेंद्र मिश्रा,** खाद्य नियंत्रक रायपुर

अंकिता को न्याय दिलाने कांग्रेस का कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अंकिता भंडारी हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर दिल्ली के इंडिया गेट पर प्रदर्शन कर रहे उनके माता-पिता को हिरासत में लिए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिरगांव ने संयुक्त रूप से कैंडल मार्च निकाला। व्यास तालाब से शुरू हुआ मार्च छत्तीसगढ़ महतारी चौक, आडवाणी स्कूल तक पहुंचा। कांग्रेसजनों ने अंकिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, बेटी को खोने वाले माता-पिता की पीड़ा समझते हुए उनकी आवाज सुनी जानी चाहिए। न्याय की मांग करने पर उन्हें हिरासत में लिया जाना दुखद है। उन्होंने हत्याकांड से जुड़े आरोपों और कथित प्रभावशाली व्यक्तियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कराने तथा किसी को भी राजनीतिक प्रभाव या पद के आधार पर जवाबदेही से बचने का अवसर नहीं देने की मांग की। उन्होंने दुष्यंत कुमार गौतम को सिक्किम का राज्यपाल नियुक्त किए जाने को लेकर उठ रहे सवालों पर भी सरकार से स्पष्ट जवाब देने की मांग की।

माता-पिता को हिरासत में लेने पर जताई नाराजगी, निष्पक्ष जांच की मांग



कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए

कांग्रेस नेता पंकज शर्मा ने कहा, पीड़ित परिवार को न्याय के लिए लगातार संघर्ष करना पड़ना चिंता का विषय है। आरोपों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी ने कहा, न्याय की गुहार लगा रहे माता-पिता की बात संवेदनशीलता से सुनी जानी चाहिए।

ये रहे शामिल

कैंडल मार्च में राजेंद्र पप्पू बंजारे, पंकज शर्मा, योगेंद्र सोलंकी, अविनाश नियाल, तमी धीवर, परमानंद पटेल, इकराम अहमद, रियाज, दिलदार, रितेश, मुकेश तिवारी, बाबा खान, जगदीश वर्मा, शोभाराम, नंदकिशोर, डॉ. प्रीतराम साहू, रमेश नाग, अनिल ध्रुव, संदीप चंद्राकर, पूजा जांगड़े, राकेश राजगढ़िया, मोसिन खान, पुष्पलता वैष्णव, संगीता यादव, पुनाराम वर्मा, आशीष वर्मा, ईश्वर, दीपक और सेतराम साहू सहित अन्य कांग्रेसी शामिल हुए।



हरिभूमि

रायपुर, सोमवार 19 अक्टूबर 2026

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937







● नवरात्रि के पावन अवसर पर गरबा नाइट्स को लेकर रायपुरियंस में जबरदस्त उत्साह

आमा पान के पतरी..., माता के भक्ति गीतों पर देर रात झूमे रास गरबा प्रेमी



सेरीखेड़ी स्थित ललित महल में शारदीय नवरात्रि पर आयोजित आईएनएच न्यूज-हरिभूमि रास गरबा एवं भजन डांडिया में भाग लेने रायपुरियंस में जबरदस्त उत्साह दिखा। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री साय ने आयोजकों व रास-गरबा प्रेमियों को नवरात्रि की शुभकामनाएं दी।



रायपुर। आयोजन के दूसरे दिन रॉक बैंड हवाएं के सिंगर्स और म्यूजिकल टीम द्वारा प्रस्तुत आमा पान की पतरी...., माता की भक्ति गीत पर रास गरबा प्रेमी भक्तिभाव में सराबोर होकर झूमे। आईएनएच न्यूज-हरिभूमि रास गरबा एवं भजन डांडिया में छत्तीसगढ़ी लोक गीतों पर चकड़ी-छकड़ी, घोड़ारास गरबा स्टेप्स पर थिरके देर रात तक माता की भक्ति में लीन होते रहे। आयोजन में रंग जमाने पारंपरिक परिधानों चनिया-चोली और कुर्ता-पायजामा में सजे युवा और परिवार के साथ डांडिया खेलने पहुंचे। गरबा नाइट्स में लाइव बैंड और फ्यूजन म्यूजिक पारंपरिक गरबा गीतों के साथ-साथ बॉलीवुड और गुजराती फ्यूजन भक्ति गानों का क्रेज का जादू चलता रहा। आयोजन में सैंकड़ों की संख्या में प्रतिभागी, परिवार जन भक्ति, गीत-संगीत, संस्कृति और परंपरा के रंग में सराबोर होने पहुंचे रहे।

शानदार सजावट, रंगबिरंगी रोशनी और परिधानों का आकर्षण

आयोजन में अपने परिवार के संग तथा बड़ी संख्या में रायपुरियंस ने उत्साहपूर्वक भाग ले रहे हैं। शानदार सजावट, आकर्षक रोशनी और रंग-बिरंगे पारंपरिक गरबा परिधानों में सजे प्रतिभागियों ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया। डीजे की लोकप्रिया धुनों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में ऊर्जा और रोमांच भर दिया है। गरबा की थाप पर प्रतिभागी उत्साह और आनंद में खुद को डूबो रहे हैं।

रात के 8 बजे के बाद से चढ़ रहा रास गरबा का खुमार

रास गरबा नाइट्स में नवरात्रि पर शहर में चारों ओर भक्ति और उल्लास के माहौल है। शहर में रात के 8 बजे से रास गरबा स्थलों पर प्रतिभागियों सहित लोगों का हुजूम देखने को मिल रहा है। रास गरबा लोगों के लिए भक्ति, संस्कृति, परंपरा और आनंद-उत्सव का केंद्र बना हुआ है। छत्तीसगढ़ी व्यंजनों के साथ-साथ गुजराती फूड्स का स्वाद उठा रहे हैं।



अम्बे तू है जगदम्बे काली.....

आमारा जोरा ग्राउंड पर आयोजित हरिभूमि-आईएनएच न्यूज और गुंजन्स आयोजन के रास गरबा इवेंट के तीसरे दिन रास गरबा की शुरूआत माता की आरती अम्बे तू है जगदम्बे काली..., भक्ति गीत के साथ हुआ। माता की आरती में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप और हरिभूमि-आईएनएच न्यूज के प्राधन संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी शामिल हुए। आरती के बाद भक्ति ट्रैक्स पर रास-गरबा प्रेमी जमकर देर रात तक रास गरबा के थाप पर झूमते रहे। आज आमारा जोरा ग्राउंड पर आयोजित हरिभूमि-आईएनएच न्यूज और गुंजन्स आयोजन के रास गरबा इवेंट के समापन समारोह में हनुमान अंश फिल्म के प्रसिद्ध गायक सुनील लोदी मुख्य आकर्षण होंगे।

भक्तिमय महौल में रास गरबा को कर रहे एंजॉय

रात घड़ी पर जैसे ही 9 बजे गरबा स्थल पर बालीवुड और गुजराती, छत्तीसगढ़ी भक्ति गीतों..., की धुन पर प्रतिभागी चौकड़ी-छकड़ी, रासघोड़ा बेस्ड डांडिया खेलते हुए सराबोर दिखे। डांडिया खेलने हर वर्ग के प्रतिभागियों का उत्साह दिखने को मिल रहा है। गरबा नाइट्स में लोग देर रात तक अपने साथियों, परिजनों और मित्रों के साथ भक्ति, आस्था, परंपरा और संस्कृति को एंजॉय कर रहे हैं।

गुजराती समाज के साथ झूमे प्रतिभागी



मुख्यमंत्री निवास में शुक्रवार को नवरात्रि के अवसर पर गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मां दुर्गा की पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। पारंपरिक परिधानों में सजे महिलाओं, युवाओं और गुजराती समाज के लोगों ने गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि नवरात्रि शक्ति की आराधना और नारी सम्मान का पर्व है। गरबा भारतीय संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना से प्रदेश की लगभग 68 लाख महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपए की सहायता दी जा रही है। वहीं, प्रदेश में 14 लाख महिलाएं लखपति दीदी बन चुकी हैं। उन्होंने गुजराती समाज के व्यापार, उद्योग, शिक्षा और सेवा क्षेत्र में योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल और तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब उपस्थित रहे। गुजराती समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रीतेश गांधी, पूर्व विधायक एवं एनआर गुजराती एसोसिएशन के अध्यक्ष देवजी पटेल, गुजराती स्कूल अध्यक्ष जयंती पटेल सहित मितुल कोठारी, नितिन डोलकिया, महेंद्र कोडियार, बाबू भाई पटेल, अशोक पटेल, मुकेश शाह, गौरंग काचा, कीर्ति व्यास और राजेंद्र फौजदार सहित समाज के गणमान्य नागरिक भी शामिल हुए।







मैदान में शेफाली-स्मृति ने दिलाई आईपीएल की याद, 40 मिनट तक हर गेंद पर झूमते रहे दर्शक

30 हजार से अधिक दर्शकों की मौजूदगी में चौकों-छक्कों की लगी झड़ी

रायपुर। शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में रविवार को भारत और जिम्बाब्वे की महिला टीमों के बीच खेला गया दूसरा टी-20 मुकाबला रायपुर के क्रिकेट प्रेमियों के लिए यादगार बन गया। रविवार की छुट्टी और भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन के बीच 30 हजार से अधिक दर्शक मैच देखने पहुंचे। मैदान पर शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की आतिशी बल्लेबाजी ने ऐसा समां बांधा कि स्टेडियम तालियों, शोर और उत्साह से गूंज उठा। दोनों बल्लेबाजों के चौकों-छक्कों ने दर्शकों को अपनी सीटों से खड़े होकर जश्न मनाने पर मजबूर कर दिया।



मैदान पर बल्लेबाजी नहीं किसी लाइव शो जैसा नजारा

भारतीय पारी की शुरुआत से ही दर्शकों का उत्साह चरम पर पहुंच गया। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने मैदान पर कदम रखते ही आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी शुरू की। पहले ही ओवरों से चौकों और छक्कों की बरसात होने लगी। हर शानदार शॉट के साथ दर्शकों का शोर बढ़ता गया। स्टेडियम में बजते गानों और क्रिकेट प्रेमियों के जश्न ने मुकाबले को किसी लाइव शो जैसा माहौल दे दिया। करीब 40 मिनट तक चले इस बल्लेबाजी के रोमांच ने दर्शकों को बांधे रखा।





बल्लेबाजी करते हुए शेफाली वर्मा

हर चौके छक्के पर गूंजा स्टेडियम

शेफाली और स्मृति के बल्ले से निकलने वाले लंबे शॉट्स ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। गेंद बाउंड्री के पार जाते ही स्टेडियम तालियों और नारों से गूंज उठता। कई दर्शक अपनी जगह पर खड़े होकर जश्न मनाते नजर आए। दोनों बल्लेबाजों की आक्रामक बल्लेबाजी ने मुकाबले में ऐसा रोमांच पैदा किया, जिसने दर्शकों को आईपीएल के हाई-वोल्टेज मैचों की याद दिला दी। शेफाली ने महज 25 गेंदों में 55 रन की तूफानी पारी खेली, जबकि स्मृति मंधाना ने 25 गेंदों पर नाबाद 47 रन बनाए। दोनों की बल्लेबाजी के दम पर भारत ने 103 रन का लक्ष्य महज 8.5 ओवर में हासिल कर लिया। भारतीय टीम ने एक विकेट खोकर 104 रन बनाए और नौ विकेट से शानदार जीत दर्ज की।

रायपुर में महिला क्रिकेट के बढ़ते क्रेज की झलक

इस मुकाबले ने एक बार फिर साबित किया कि महिला क्रिकेट भी दर्शकों को मैदान तक खींचने और उन्हें रोमांच से भरने की क्षमता रखता है। बड़ी संख्या में पहुंचे क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह, हर शॉट पर गूंजती तालियां और भारतीय टीम की धमाकेदार जीत ने रायपुर में क्रिकेट का माहौल उत्सव में बदल दिया। शेफाली और स्मृति की आतिशी बल्लेबाजी ने न केवल मैच को एकतरफा बनाया, बल्कि महिला क्रिकेट के प्रति दर्शकों के बढ़ते आकर्षण की शानदार झलक भी पेश की।

दुर्गोत्सव



श्री जय भवानी दुर्गा उत्सव समिति, आमापारा



शिव शारदा महिला समिति, सुदामा नगर, टिकरापारा



नवयुवक दुर्गोत्सव समिति, लोहारपारा, बजरंग चौक, छतौना



श्री सिद्धि विनायक शिव हनुमान साईं मंदिर समिति, गायत्री नगर



जय छत्तीसगढ़ दुर्गोत्सव समिति, डूंडा



नवयुवक दुर्गोत्सव समिति, अवधिया पारा



इंडियन क्लब दुर्गोत्सव समिति, रामकुंड पारा



दुर्गा उत्सव समिति, बोरियाकला

● हरिभूमि और आईएनएच 24×7 ने इस संडे रामनगर स्थित अपार्टमेंट में रहवासियों के बीच उत्सव सजाने के साथ किया संवाद

बम-बम भोले मस्ती में डोले..., गीत पर चेयर रेस में झूमे बच्चे, गुलमोहर पार्क में सजा 'अपना अपार्टमेंट अपना उत्सव'

शहर के अलग-अलग क्षेत्र की कॉलोनियों, अपार्टमेंट और सोसायटियों के बीच सरोकार बढ़ाने के लिए हरिभूमि और आईएनएच 24×7 टीम ने इस संडे राम नगर स्थित गुलमोहर पार्क में दस्तक दी। हरिभूमि और आईएनएच 24×7 ने बच्चों और महिलाओं के लिए जहां गेम्स का आयोजन किया, वहीं, जो बच्चे सबसे ज्यादा अंकों से पास हुए उन्हें प्रोस्ताहित भी किया। साथ ही सोसायटी के लोगों से खबरों और शहर की समस्याओं को लेकर संवाद भी किया।



सभी वर्ग की मौजूदगी में बना उत्सव का माहौल

सभी ने जीत के लिए नहीं बल्कि इस अवसर को यादगार बनाने के लिए झूमते एंजॉय किया। सामने-मात-पिता और दादा-दादी की मौजूदगी ने उत्सव को पारिवारिक माहौल दिया। लोगों की मौजूदगी में हरिभूमि और आईएनएच 24×7 ने गुलमोहर पार्क में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों का शॉल, श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इनमें विजय अग्रवाल, गजानंद केडिया, कुलदीप सिंह चावला, सूर्यनारायण परासर, मो. फैजान वल्दीयत मो. स्माईल और लक्ष्मीनारायण जी शामिल रहे। इनकी उपस्थिति में पांचवी में सोसायटी के बच्चों में सबसे ज्यादा प्रतिशत अंक अर्जित करने के लिए दित्ती अंदानी, 8वीं में इसके लिए दक्ष गांधी को मोमेंटो और गिफ्ट देकर प्रोत्साहित किया गया। इस क्रम में 10वीं में गुरबानी चावला और 12वीं में सबसे ज्यादा अंक लाने के लिए कोमल मित्तल को सम्मानित किया गया।



समाचार पत्र वितरक का सोसायटी में हुआ सम्मान

सम्मान के इस क्रम में ही महिलाओं ने भी म्युजिकल चेयर रेस को पसंद किया। उनके बीच डांडिया और भक्ति गीतों से प्रतियोगिता को रोचक बनाने प्रयास करते हुए महिलाओं ने भी उत्साह दिखाया। इस बीच दर्शक दीर्घा में मौजूद बच्चों ने भी तालियां बजाते हुए उत्साही नजर आए। एक-एक करके कम होती कुर्सियों के बीच एक समय ऐसा भी आया जब नम्रता जाधव ने जीत दर्ज की। सोसायटी के लोगों ने लोगों ने भी हरिभूमि और आईएनएच 24×7 टीम का स्वागत किया। इस क्रम में श्रीमती जाधव सहित साहेब चावला, सौम्या जाधव को गिफ्ट देकर हौसला आफजाई की गई। हरिभूमि की प्रतियों को सोसायटी सहित क्षेत्र के लोगों तक पहुंचाने के लिए मनीष टेम्भुलकर को शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया गया।



रायपुर। अपना अपार्टमेंट अपना उत्सव से लोगों को जोड़ने का दायित्व एंकर राजश्री थवाईत ने निभाते हुए पहले क्रम में बच्चों को म्युजिकल चेयर रेस से जोड़ने का प्रयास किया। जैसे ही बम-बम भोले मस्ती में डोले...भला मछलियां क्यो उड़ती नहीं....., गीत बजते ही रेस का हिस्सा रहे बच्चे भी मस्ती के मूड में नजर आए। अपना अपार्टमेंट अपना उत्सव की धूम गुलमोहर पार्क में सुबह 11 से दोपहर ढाई बजे के बीच रही। इसमें पार्क के संरक्षक मो. फैजान स्माइल, अध्यक्ष दलजीत सिंह चावला, उपाध्यक्ष बलराम आहूजा, महासचिव राजेश केडिया, कोषाध्यक्ष संतोष जी का स्वागत किया गया। यह दायित्व निभाते हुए हरिभूमि और आईएनएच 24×7 की ओर से आशीष दास टंडन, सुमित कुमार महोबिया, तोरण लाल साहू ने निभाते हुए उन्हें सोसायटी के बीच मंच दिया। इनकी उपस्थिति में अपना अपार्टमेंट अपना उत्सव का सिलसिला आगे बढ़ा। बच्चों के बीच 3 से 6 साल के लिए पहले गेम में एक-एक करके बाहर होने वाले सभी प्रतिभागियों ने म्यूजिकल चेयर रेस के बीच संगीत को एंजॉय किया। खेल के बीच मौज-मस्ती का माहौल बना। पहली प्रतियोगिता खत्म होते ही पार्क में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों का स्वागत किया गया। बच्चों की डिमांड पर चेयर रेस के दूसरे क्रम में 7 से अधिक उम्र की बेटे-बेटियों ने उत्सव में सहभागिता निभाई।





नवपदजी ओली आराधना का शुभारंभ, 300 तपस्वियों ने एक साथ किया सामूहिक आयंबिल

रायपुर। नवकार नगर स्थित श्री मुनि सुव्रत स्वामी जिनालय में नवपदजी ओली आराधना के प्रथम दिन सामूहिक आयंबिल का आयोजन हुआ। इसमें 300 तपस्वियों ने एक साथ आयंबिल तप किया। नवकार नगर में पहली बार इतनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सामूहिक रूप से यह आराधना की।

जिनालय परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की आवाजाही रही और वातावरण भक्ति एवं तप-साधना से सराबोर रहा। आयंबिल के दौरान तपस्वियों का साफा पहनाकर, श्रीफल एवं माला भेंटकर बहुमान किया गया। इस अवसर पर परम पूज्य मुनि श्री सत्त्वरत्न सागरजी महाराज साहब ने आराधकों को राजा श्रीपाल और मैना सुंदरी की प्रेरक कथा विस्तार से सुनाई। जैन परंपरा में श्रीपाल–मैना सुंदरी की कथा नवपद आराधना और आयंबिल ओली की महिमा से जुड़ी है। कथा के अनुसार, मैना सुंदरी कर्म-सिद्धांत में दृढ़ विश्वास रखती थीं। उनका मानना था कि जीवन के सुख-दुःख और परिस्थितियों का संबंध व्यक्ति के कर्मों से होता है। अनेक कठिनाइयों के बीच भी उन्होंने धर्म और संयम का मार्ग नहीं छोड़ा।





तप और संयम का अभ्यास करते हैं

मुनिश्री ने बताया कि आयंबिल में स्वाद और आहार पर संयम रखते हुए आत्मशुद्धि तथा धर्म-साधना का भाव प्रमुख रहता है। नवपदजी ओली के नौ दिनों में आराधक नवपद के गुणों का स्मरण करते हुए तप और संयम का अभ्यास करते हैं। कार्यक्रम के दौरान 11 लकी कूपन निकाले गए। कूपन में चयनित 11 भाग्यशाली तपस्वियों को अंतरिक्ष पार्श्वनाथजी तीर्थ की यात्रा कराई जाएगी। 300 तपस्वियों की सामूहिक भागीदारी और आराधकों के उत्साह ने आयोजन को विशेष बना दिया। श्रद्धालुओं ने इसे जिनशासन की प्रभावना और सामूहिक तप-साधना की प्रेरक शुरुआत बताया।

दिव्योत्सव 4.0 में स्पेशल बच्चों की प्रतिभा आत्मविश्वास और स्वावलंबन की झलक



रायपुर। यंग इंडियंस रायपुर चैप्टर के एक्सेसिबिलिटी एवं सुगमता वर्टिकल द्वारा दिव्योत्सव 4.0 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए मंच प्रदान करना और उनकी प्रतिभा को पूरे शहर में पहचान दिलाना रहा। कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने यंग इंडियंस की पहल की सराहना करते हुए दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण और सुगम्यता के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने सरकारी योजनाओं, उपलब्ध सुविधाओं और दिव्यांगजनों के लिए जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी भी साझा की।

यंग इंडियंस रायपुर चैप्टर के एक्सेसिबिलिटी एवं सुगमता वर्टिकल का आयोजन

यंग इंडियंस रायपुर के चेयर पंकज सोमानी ने बताया कि दिव्योत्सव का यह चौथा संस्करण है। इस पहल के माध्यम से रायपुर के विशेष बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने, उन्हें हर क्षेत्र में समान अवसर और उनकी क्षमताओं को पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे को अपनी प्रतिभा दिखाने और आगे बढ़ने का समान अवसर मिलना चाहिए। इस अवसर पर यंग इंडियंस रायपुर के चेयर पंकज सोमानी, को-चेयर कवित पासारी, एक्सेसिबिलिटी टीम की चेयर अनिशा बंसल, को-चेयर अंजलि केजरीवाल, ऋषभ लाठ और ऋषभ गुप्ता सहित टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

कार्नर न्यूज

मंदिर प्रांगण में उमड़ा भक्तों का सैलाब, 450 थालियों में संजोए सैकड़ों दीए

महासप्तमी पर मां अम्बा देवी के दरबार में रोशन हुए आस्था के दीप, भक्तों ने एक साथ की महाआरती

रायपुर। सत्ती बाजार स्थित मां अम्बा देवी मंदिर में शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज ट्रस्ट के नेतृत्व में सप्तमी तिथि में महाआरती का भव्य आयोजन किया गया। इसमें शामिल होने के लिए लोग परिवार के साथ शामिल हुए। मंदिर के प्रति वर्ष बढ़ते हुए श्रद्धालु इस वर्ष भी परंपरागत रूप से सप्तमी तिथि पर महाआरती में शामिल होने के लिए लोग रविवार को शाम ढलने से पहले ही प्रांगण में पहुंचने लगे थे। ट्रस्ट के अध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने बताया कि मां अम्बा देवी के दरबार में इस शारदीय नवरात्रि में भक्तों की भीड़ रही। 51 थालियों में पांच-पांच दीपों को सहेजते हुए 27 वर्ष पहले की गई पहल से नवरात्र में भक्तों को भी मां अम्बा की महाआरती में शामिल होने का अवसर देने के लिए प्रति नवरात्र में की गई वृद्धि के चलते इस बार 450 थालियों में 2255 दीए सजाकर भक्तों ने एक साथ माता के दरबार में महाआरती की। इसके लिए मंदिर प्रबंधन द्वारा की गई तैयारी के तहत पहले आएं पहले पाएं की तर्ज लोगों ने थाली प्राप्त किए।





प्रज्ज्वलित की गई ज्योत

कई भक्त परिवार अपने घरों से भी आरती की थाली सजाकर महाआरती में शामिल होने के लिए प्रांगण में मौजूद थे। पहले आएं पहले पाएं की तर्ज पर भक्तों को आरती की थाली उपलब्ध करवाई गई, लोग थाली सजाकर भी आयोजन में शामिल होने के लिए सपरिवार शाम पांच बजे से ही मंदिर परिसर में जुटने लगे थे। महाआरती से पहले मां अम्बा देवी की प्रतिमा के सामने पीतल के पात्र में ज्योत प्रज्ज्वलित की गई। इसके साथ ही माता के दरबार में 101 दीपों की आकर्षक श्रृंखला सजाने के बाद विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद दिव्य महाआरती का आयोजन भक्तों की विशाल मौजूदगी में किया गया।

बना भक्तिमय माहौल

महाआरती के बाद भक्तों को प्रसाद स्वरूप श्रृंगार सामग्री भेंट देने की परंपरा प्रति नवरात्रि की तरह निभाई गई। इसके बाद भक्तों के बीच भजन संध्या का आयोजन किया गया। कोषाध्यक्ष मयूर शर्मा और सचिव श्रवण शर्मा के मार्गदर्शन में 19 को सुबह 10 बजे से हवन शुरू होगा किया जाएगा। इसके साथ ही 20 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे नौ कन्याओं का पूजन करते हुए प्रसाद वितरण किया जाएगा। आयोजन के इस क्रम को आगे बढ़ाने के लिए ट्रस्ट ने जिम्मेदारी तय की है। उन्होंने बताया कि महाआरती में शामिल होने सभी भक्तों को प्रति वर्ष भेंट, आशीष स्वरूप भेंट दिया जाता है। इस परंपरा को इस बार भी निभाया गया।

सिटी स्पोर्ट्स

एशियाई कांस्य विजेता अनिमेष का सम्मान किया साय ने



रायपुर। जापान में आयोजित 20वें एशियाई खेलों में भारतीय एथलेटिक्स टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए मिक्स्ड रिले इवेंट में देश के लिए कांस्य पदक जीतकर छत्तीसगढ़ और बस्तर-जशपुर का मान बढ़ाने वाले प्रतिभावान एथलीट अनिमेष कुजूर के अपने गृह राज्य छत्तीसगढ़ आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री एवं छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष विष्णु देव साय ने उन्हें ससम्मान मुख्यमंत्री निवास आमंत्रित किया, जहाँ उन्होंने अनिमेष कुजूर तथा उनके परिजनों को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया और उन्हें इस ऐतिहासिक सफलता की आत्मीय बधाइयाँ दीं।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ ओलंपिक एसोसिएशन के महासचिव विक्रम सिंह सिसोदिया, खेल एवं युवा कल्याण विभाग की संचालक आकांक्षा शिक्षा खलखो, उप संचालक रश्मि ठाकुर, संयुक्त संचालक प्रभाकर पांडे, जी.एस. बामरा, परविंदर सिंह ग्रेवाल, आदित्य सिंह ठाकुर, ऋतिका सिंह, अनिमेष के परिवार से अमृत कुजूर, रीना कुजूर, अनिमा कुजूर, अनिकेत और समीर कुजूर उपस्थित रहे। इसके अलावा खेल जगत से जुड़े प्रवेश जोशी, निंग राज रेड्डी, रवि धनगर, विनोद नायर, सुनील नायर, सुदर्शन सिंह, दिनेश तांडी, आशीष जायसवाल, अनिरुद्ध सुना, गौतम मिरी, दीपक पटेल, रवि राजा, तुलसी साहू सहित एथलेटिक्स खेल से जुड़े तमाम वरिष्ठ प्रशिक्षकों, खेल संघों के पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों ने उपस्थिति दर्ज कराई।

यूथ कप क्रिकेट में शशांक बने 'मैन ऑफ द मैच'



भिलाई। क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा भिलाई द्वारा आयोजित यूथ कप क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को रोमांचक मुकाबला खेला गया, जिसमें क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी करंजा ने इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर को 2 विकेट से शिकस्त देकर जीत हासिल की। मैच में शानदार प्रदर्शन करने वाले शशांक तिवारी को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया, जिन्हें विनोद देवघरे के हाथों पुरस्कृत किया गया।

मंच पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर की पूरी टीम 111 रनों पर ढेर हो गई। टीम की ओर से दर्श ने सर्वाधिक 39 रन बनाए, जबकि धनंजय बैरागी ने 29 और कप्तान अर्श ने 16 रनों का योगदान दिया। क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी की ओर से घातक गेंदबाजी करते हुए के. वर्मा ने 4 विकेट और शशांक तिवारी ने 3 विकेट झटके।

112 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी क्रिकेट फाउंडेशन अकादमी की टीम ने 8 विकेट खोकर 114 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। बल्लेबाजी में पी. रावत ने 20 रन, शशांक तिवारी ने 18 रन और देवांश साहू ने नाबाद 16 रन बनाए। इमर्जिंग क्रिकेट अकादमी रायपुर की ओर से धनंजय बैरागी ने 4 विकेट और खुश साहू ने 2 विकेट लिए। मैच में अंपायरिंग की भूमिका हिमाचल साहू और एस. बाल राजू ने निभाई।

अंडर-19 में दंतेवाड़ा और कवर्धा ने दर्ज की जीत



भिलाई। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर-19 प्लेट ग्रुप एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत धमतरी में खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। दंतेवाड़ा बनाम जांजगीर-चांपा के बीच धमतरी में खेले गए मुकाबले में दंतेवाड़ा की टीम ने जांजगीर-चांपा को 1 विकेट से मात दी। पहले बल्लेबाजी करते हुए जांजगीर-चांपा की पूरी टीम 147 रनों पर सिमट गई। लक्ष्य का पीछा करने उतरी दंतेवाड़ा की टीम ने कड़े संघर्ष के बाद 9 विकेट के नुकसान पर 148 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। कवर्धा बनाम दंतेवाड़ा मुकाबले में कवर्धा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दंतेवाड़ा को 27 रनों से पराजित किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए कवर्धा ने निर्धारित ओवरों में 208 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जवाब में खेलने उतरी दंतेवाड़ा की टीम 181 रनों पर ही ऑल आउट हो गई।

कुलदीप जुनेजा ने बांटी टी-शर्ट, मुकाबले के लिए तैयार हो रहे खिलाड़ी

छत्तीसगढ़ राज्य टेबल टेनिस प्रतियोगिता 22 से, रायपुर जिला टीम का हुआ ऐलान



रायपुर। 24वीं छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम और सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के सहयोग से 22 से 25 अक्टूबर 2026 तक 'यूटीटी 24वीं छत्तीसगढ़ राज्य एवं अंतर जिला टेबल टेनिस प्रतियोगिता-2026' का आयोजन रायपुर के सप्रे शाला टेबल टेनिस हॉल, बूढ़ापारा में किया जा रहा है।

चार दिवसीय इस आयोजन के पहले दिन 22 अक्टूबर को सीनियर पुरुष व महिला, अंडर-19 यूथ, अंडर-17 जूनियर, अंडर-15 सब-जूनियर, अंडर-13 कैडेट और अंडर-11 होप्स बालक व बालिका वर्गों की टीम स्पर्धाएं होंगी। इसके बाद 23 अक्टूबर को अंडर-19 यूथ और अंडर-15 सब-जूनियर बालक व बालिका एकल वर्ग के मुकाबले खेले जाएंगे। 24 अक्टूबर को सीनियर पुरुष व महिला तथा अंडर-11 होप्स बालक व बालिका एकल वर्ग की प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता के अंतिम दिन 25 अक्टूबर को अंडर-17 जूनियर एवं अंडर-13 कैडेट बालक-बालिका एकल वर्ग तथा सीनियर पुरुष एकल वर्ग के मैच आयोजित किए जाएंगे।

राजधानी टेबल टेनिस संघ, जिला रायपुर के सचिव सार्थक शुक्ला ने बताया कि छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के अध्यक्ष और रायपुर उत्तर के पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर जिला टेबल टेनिस टीम (बालक व बालिका वर्ग) की आधिकारिक घोषणा की और चयनित खिलाड़ियों को टी-शर्ट प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष प्रदीप जोशी, राजधानी टेबल टेनिस संघ के सचिव विनय बैसवाड़े, अंतर्राष्ट्रीय अंपायर प्रवीण निरापुरे तथा पी. एन. मजुमदार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता के लिए घोषित रायपुर जिला टीम में सीनियर पुरुष वर्ग के लिए सागर घाटगे, विशाल डेकाटे, अरिंदम देबनाथ, एम. रविराज और रामजी कुमार का चयन किया गया है, जबकि सीनियर महिला वर्ग में समाया पांडे, प्रज्ञा पाठक, आरना खोटेले, वेदी कच्छवाहा और लावण्या पांडे रायपुर का प्रतिनिधित्व करेंगी। अंडर-19 यूथ बालक वर्ग में आर्यन सिंह, यशवंत डेकाटे, कवीश काला और श्रेष्ठ मिश्रा शामिल हैं, तो वहीं अंडर-19 यूथ बालिका वर्ग की कमान समाया पांडे, आरना खोटेले, वेदी कच्छवाहा और लावण्या पांडे के हाथों में होगी।

अंडर-17 जूनियर बालक वर्ग में आर्यन सिंह, श्रेष्ठ मिश्रा, कवीश काला और तेजस जादवानी को स्थान मिला है, जबकि अंडर-17 जूनियर बालिका वर्ग में समाया पांडे, वेदी कच्छवाहा, लावण्या पांडे और महवीन अंसारी शामिल हैं। अंडर-15 सब-जूनियर बालक वर्ग के लिए कवीश काला, आरुष नथानी, रोहित सचदेव और अभिनव पीटर तथा बालिका वर्ग के लिए समाया पांडे, लावण्या पांडे, वेदी कच्छवाहा और महवीन अंसारी का चयन हुआ है।

भिलाई के स्केटर्स ने जीते 50 से अधिक मेडल



भिलाई। छत्तीसगढ़ में पहली बार आयोजित हुई 'स्टेट इंडोरेंस स्केटिंग चैंपियनशिप' में भिलाई के खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से छत्तीसगढ़ में परचम लहराया है। रायपुर में संपन्न इस भव्य प्रतियोगिता में पूरे प्रदेश से 500 से अधिक स्केटर्स ने हिस्सा लिया, जिसमें बिगिनर से लेकर एडवांस लेवल तक की विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं आयोजित की गईं। इस कड़ी स्पर्धा में भिलाई के 'इंफिनिटी स्केटिंग क्लब' के 40 से अधिक खिलाड़ियों ने उम्दा प्रदर्शन करते हुए 50 से ज्यादा मेडल अपने नाम किए। छत्तीसगढ़ रोलर स्केट एसोसिएशन के सचिव दलजीत सिंह और कोच अजीत सिंह ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इस चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता खिलाड़ियों का चयन आगामी जनवरी माह में होने वाली नेशनल चैंपियनशिप के लिए किया गया है। अपनी इस बड़ी सफलता से उत्साहित बच्चों ने बताया कि उन्होंने इसके लिए कड़ी मेहनत की थी, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें इंडोरेंस चैंपियनशिप में मेडल जीतने का गौरव प्राप्त हुआ है। अब वे आगामी नेशनल चैंपियनशिप के लिए और भी अधिक कड़ा अभ्यास करेंगे।

अहमदाबाद में छत्तीसगढ़ की बेटी दीपांशी को फेंसिंग में स्वर्ण पदक



रायपुर। गुजरात के अहमदाबाद शहर में 16 से 18 अक्टूबर तक आयोजित प्रथम सीनियर राष्ट्रीय रैंकिंग फेंसिंग (तलवारबाजी) प्रतियोगिता 2026-27 में छत्तीसगढ़ की प्रतिभाशाली और होनहार खिलाड़ी दीपांशी नेताम ने महिला फॉयल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता की महिला फॉयल स्पर्धा में देश भर से लगभग 100 शीर्ष खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था। दीपांशी नेताम ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, तकनीकी महारत, मानसिक दृढ़ता और अटूट आत्मविश्वास का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक पर अपना अधिकार जमाया।

दीपांशी ने प्रारंभिक पूल मुकाबलों में कुल 7 मुकाबले खेले, जिनमें से 5 में शानदार जीत दर्ज की और केवल 1 मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती लीग मुकाबलों के बाद उन्हें ओवरऑल 10वीं रैंकिंग प्राप्त हुई, जिसके बाद उन्होंने नॉकआउट चरण के सभी मुकाबलों में लगातार धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल तक का सफर तय किया। दीपांशी के मुकाबलों का सफर बेहद प्रेरणादायक रहा, जिसमें उन्होंने टेबल ऑफ 128 में 'बाय' प्राप्त किया, टेबल ऑफ 64 में गुजरात की जागृति को 15-5 से हराया, टेबल ऑफ 32 में तमिलनाडु की दिव्या धारसिनी को 15-4 से पराजित किया, टेबल ऑफ 16 में महाराष्ट्र की गोटे गायत्री को 15-2 से करारी शिकस्त दी, क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मणिपुर की सोनिया देवी को 15-11 से मात दी, और सेमीफाइनल जैसे कड़े मुकाबले में हरियाणा की चावला कनुप्रिया को 15-13 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। इसके पश्चात फाइनल मुकाबले में उन्होंने पंजाब की मजबूत खिलाड़ी जैस्मिन कौर को अत्यंत रोमांचक संघर्ष के बाद 15-13 से शिकस्त देकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया। लगातार ऐसी कठिन जीत दर्ज कर दीपांशी ने यह साबित कर दिखाया कि यदि कड़ी मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास हो, तो किसी भी राष्ट्रीय लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। दीपांशी नेताम की इस शानदार राष्ट्रीय उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ प्रदेश फेंसिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने गहरी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। एसोसिएशन के एनआईएस प्रशिक्षक वी. जॉनसन सोलोमन ने भी दीपांशी को बधाई दी है।

राज्य स्तरीय शालेय खेल के लिए चुने गए जया



पाटन। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, पाटन के विद्यार्थियों ने खेलकूद के क्षेत्र में एक बार फिर जिले का नाम रोशन किया है। राजनांदगांव में आयोजित संभाग स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कक्षा 10वीं की छात्रा जयालक्ष्मी मस्तावर और कक्षा 11वीं की छात्रा फिजा का चयन सरगुजा में 23 से 26 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय अंडर-19 शालेय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

इसके अलावा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरई में आयोजित जिला व संभाग स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के चलते छात्र चैतन्य साहू का चयन राज्य स्तरीय शालेय खो-खो प्रतियोगिता के लिए हुआ था, जिन्होंने रायगढ़ में आयोजित प्रतियोगिता में बेहतरीन खेल दिखाया। इस उपलब्धि पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष मिलन कुमार देवांगन, प्राचार्य स्टेनसी जानसन, व्यायाम शिक्षक हेमंत बघेल सहित समस्त शिक्षकों और पालकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।



रोलर स्केटिंग में रायपुर और बिलासपुर के खिलाड़ियों का दबदबा

रायपुर। चार दिनों तक चले रोमांचक मुकाबलों के बाद 26वीं राज्य स्तरीय शालेय खेल प्रतियोगिता का शनिवार 17 अक्टूबर को भव्य समापन समारोह आयोजित किया गया। इस चार दिवसीय वृहद खेल स्पर्धा में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से लगभग 750 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और 200 तकनीकी स्टॉफ व अधिकारियों ने अपनी सक्रिय सहभागिता दर्ज कराई थी। प्रतियोगिता का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह रायपुर के जे.एन. पांडेय शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में प्रातः 11 बजे संपन्न हुआ। इस समारोह के मुख्य अतिथि रायपुर दक्षिण के लोकप्रिय विधायक सुनील सोनी रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी एम.जी. सतीश कुमार ने की। समारोह के दौरान विभिन्न आयु वर्ग और स्पर्धाओं में विजयी रहे उत्कृष्ट खिलाड़ियों को अतिथियों के कर-कमलों द्वारा आकर्षक ट्रॉफी और पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खेल और शिक्षा के क्षेत्र में अपनी दीर्घकालिक एवं निष्ठावान सेवाएं देकर हाल ही में सेवानिवृत्त हुए पूर्व व्यायाम शिक्षकों का विशेष सम्मान समारोह भी जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें सेवानिवृत्त व्यायाम शिक्षक बी.आर. साहू, गौतम राहा, रामलाल पटेल, गोवर्धन ध्रुव, शिव देवांगन और श्रीमती ज्योति बजाज को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

समापन समारोह में संपन्न हुई रोलर स्केटिंग स्पर्धा के परिणाम अत्यंत रोमांचक रहे। 11 वर्ष आयु वर्ग के बालक वर्ग में रायपुर के कुशल गनोड़कर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं बालिका वर्ग में बिलासपुर की निखार श्रीवास प्रथम रहीं। इसके अलावा 11 वर्ष की क्वाड स्पर्धा में बिलासपुर की श्रीजी टांडिया ने प्रथम स्थान हासिल किया। चौदह वर्ष आयु वर्ग के बालक वर्ग में बिलासपुर के सुधांशु ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बालिका वर्ग में बिलासपुर की ही तृषा पाल प्रथम रहीं। चौदह वर्ष की क्वाड स्पर्धा के बालक वर्ग में बिलासपुर के प्रणव गंधर्व ने प्रथम स्थान हासिल किया, और बालिका वर्ग में बस्तर की काहिरा प्रथम स्थान पर रहीं। सत्रह वर्ष आयु वर्ग के बालक वर्ग में रायपुर के कमल सेन ने पहला स्थान प्राप्त किया, वहीं बालिका वर्ग में रायपुर की ही हरप्रीत प्रथम रहीं। सत्रह वर्ष की क्वाड स्पर्धा के बालक वर्ग में बिलासपुर के विराज प्रथम रहे, जबकि बालिका वर्ग में बिलासपुर की प्रज्ञा बर्मन ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इसके साथ ही 19 वर्ष आयु वर्ग के बालक वर्ग में रायपुर के गगन देवांगन प्रथम स्थान पर रहे, और बालिका वर्ग में रायपुर की सिद्धि ने प्रथम स्थान हासिल किया। उन्नीस वर्ष की क्वाड स्पर्धा के बालक वर्ग में सरगुजा के सुरजीत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, तथा बालिका वर्ग में रायपुर की शुभांगी पटेल ने प्रथम स्थान पर कब्जा जमाकर प्रतियोगिता का शानदार समापन किया।

राज्य स्तरीय हैंडबॉल में रायपुर सेक्टर विजेता



रायपुर। छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में नेताजी सुभाष महाविद्यालय, बेलभाटा, अभनपुर के प्रांगण में आयोजित राज्य स्तरीय हैंडबॉल (पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता का शनिवार 17 अक्टूबर को समापन हो गया। मुख्य अतिथि पंडित रविशंकर शुक्ला विश्वविद्यालय रायपुर के शारीरिक शिक्षा विभाग के पूर्व संचालक डॉ. प्रकाश ठाकुर, अति विशिष्ट अतिथि पं.र.वि.वि. के शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रो. सी.डी. आगाशे और शासकीय महाविद्यालय रतनपुर के वरिष्ठ क्रीड़ाधिकारी व पर्यवेक्षक डॉ. जितेंद्र मिश्रा थे। अध्यक्षता नेताजी सुभाष महाविद्यालय के शासी निकाय के अध्यक्ष डॉ. ललित मिश्रा ने की। वहीं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. वी.के. मिश्रा, अभनपुर थाने के उपनिरीक्षक रामकुमार साहू, अमन बघेल, प्रतिमा वर्मा, जनपद सदस्य प्रकाश साहू, डॉ. वीरेंद्र जांगड़े, डॉ. विनय यादव और डॉ. आशीष दीवान की विशेष उपस्थिति रही।

प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए मैचों में खिलाड़ियों ने अपनी बेहतरीन फुर्ती और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच रायपुर सेक्टर और राजनांदगांव सेक्टर के बीच खेला गया, जिसमें रायपुर सेक्टर की टीम ने 29-21 के अंतर से शानदार जीत दर्ज की। इसके पश्चात दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला दुर्ग सेक्टर और रायगढ़ सेक्टर के बीच हुआ, जिसमें कड़े संघर्ष के बाद दुर्ग सेक्टर ने 20-19 से रोमांचक जीत हासिल की। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला रायपुर सेक्टर और दुर्ग सेक्टर के बीच खेला गया, जिसमें रायपुर सेक्टर ने श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 19-12 के अंतर से मैच जीतकर विजेता का खिताब अपने नाम किया, जबकि दुर्ग सेक्टर की टीम उपविजेता रही।

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में तीर लगे निशाने पर, शिलांग के राष्ट्रीय मंच के लिए चुने गए खिलाड़ी

रायपुर। बिलासपुर के कोटा स्थित डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय के न्यायधानी खेल मैदान में शनिवार 17 अक्टूबर को 26वीं राज्य स्तरीय सीनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के 20 विभिन्न जिलों से आए लगभग 300 प्रतिभाशाली तीरंदाजों, कोचों, मैनेजर्स और तकनीकी अधिकारियों ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि इसमें राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त कर चुके अनुभवी तीरंदाजों के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करने वाले पैरा तीरंदाजों



ने भी सामान्य वर्ग की स्पर्धाओं में हिस्सा लेकर अपनी असाधारण खेल प्रतिभा का अनूठा प्रदर्शन किया। इस राज्य स्तरीय स्पर्धा में उत्कृष्ट और श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विजयी तीरंदाज आगामी 11 से 18 नवंबर तक शिलांग (मेघालय) में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित सीनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता के भव्य समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिलासपुर जिले के कलेक्टर संजय अग्रवाल ने कहा कि तीरंदाजी भारत की प्राचीन काल से चली आ रही एक अत्यंत गौरवशाली और महान परंपरा का हिस्सा रही है। हमारे पौराणिक इतिहास में भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण, अर्जुन, भगवान परशुराम और आचार्य द्रोणाचार्य जैसे महान और श्रेष्ठ धनुर्धर हुए हैं जिन्होंने इस कला को सर्वोच्च सम्मान दिलाया है।



फिल्म इवेंट

हॉलीवुड

पहली एआई अभिनेत्री 'टिली' के आने से सिनेमा के भविष्य पर उठे सवाल



दुनिया की पहली एआई अभिनेत्री 'टिली नॉरूड' और हॉलीवुड में तकनीक के भविष्य को लेकर छिड़ी बहस वर्तमान मनोरंजन जगत का एक बेहद चर्चित और विवादास्पद विषय बन गई है। हाल ही में एनडीटीवी वर्ल्ड समिट में टिली नॉरूड और उनकी निर्माता एलाइन वान डेर वेल्डेन की मौजूदगी ने इस चर्चा को वैश्विक स्तर पर और अधिक हवा दे दी है, जिससे यह बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि आने वाले समय में सिनेमा और अभिनय का स्वरूप क्या होगा। टिली नॉरूड कोई वास्तविक इंसान नहीं, बल्कि एक पूरी तरह से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा जनरेटेड आभासी अभिनेत्री हैं। इन्हें ब्रिटिश अभिनेत्री, कॉमेडियन और तकनीकी नवोन्मेषक एलाइन वान डेर वेल्डेन ने अपने डिजिटल एआई टैलेंट स्टूडियो 'जिकोइया' के माध्यम से तैयार किया है। निर्माताओं के अनुसार, टिली को मुख्य रूप से एक जागरूकता प्रोजेक्ट के रूप में बनाया गया था, जिसका उद्देश्य यह दिखाना था कि तकनीक और वीएफएक्स कितनी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और मनोरंजन उद्योग के सामने अब किस तरह की नई चुनौतियां और अवसर खड़े हो रहे हैं।

हालांकि, इस तकनीक के प्रदर्शन और टैलेंट एजेंसियों द्वारा इसमें रुचि दिखाए जाने के बाद हॉलीवुड और वैश्विक फिल्म इंडस्ट्री में भारी विरोध देखने को मिला है। हॉलीवुड के कलाकारों के सबसे बड़े संगठन और ब्रिटिश यूनियन ने एआई अभिनेताओं के इस कॉन्सेप्ट की कड़ी आलोचना की है। उनका तर्क है कि कला और रचनात्मकता हमेशा मानव-केंद्रित होनी चाहिए। एमिली ब्लंट और व्हूपी गोल्डबर्ग जैसे कई बड़े हॉलीवुड कलाकारों ने इसे डरावना और कलाकारों की आजीविका पर सीधा खतरा बताया है, क्योंकि एआई के पास न तो कोई असली जीवन का अनुभव होता है और न ही वास्तविक मानवीय भावनाएं, जो अभिनय की मूल आत्मा हैं।

टॉलीवुड

'बेथलेहम कुडुम्बा यूनिट' की सफलता, दुनियाभर में कमाए 333 करोड़ से अधिक



मलयालम सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता निविन पॉली और अभिनेत्री ममिता बैजू की रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'बेथलेहम कुडुम्बा यूनिट' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐतिहासिक सफलता हासिल करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अपने सफल सिनेमाघर प्रदर्शन के दौरान इस फिल्म ने दुनियाभर में 333 करोड़ रुपये से अधिक की शानदार कमाई की है, जिसके साथ ही यह मलयालम सिनेमा के इतिहास की सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों की सूची में शामिल हो गई है।

गिरिश ए.डी. के निर्देशन में बनी यह फिल्म अपनी बेहतरीन और सहज हास्य-रोमांस शैली के लिए काफी सराही जा रही है। फिल्म की कहानी जस्टिन और एशले के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें उनके बीच के उम्र के अंतर और रिश्तों की खूबसूरती को बेहद परिपक्वता और हल्के-फुल्के अंदाज में पर्दे पर उतारा गया है।

मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, इस फिल्म का निर्माण महज 25 से 30 करोड़ रुपये के सीमित बजट में हुआ था, लेकिन अपनी लागत से 13 गुना से भी अधिक कमाई करके इसने निर्माताओं को लगभग 450 प्रतिशत का जबरदस्त मुनाफा दिया है। सिनेमाघरों में दर्शकों का अपार प्यार और भारी भीड़ बटोरने के बाद, अब यह ब्लॉकबस्टर फिल्म डिजिटल यानी इंटरनेट स्ट्रीमिंग मंचों पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसका दर्शक उत्सुकता से इंतजार कर रहे हैं।

भोजपुरी

'द वन' मूवी में छठ संस्कृति का प्रभाव देखकर फैंस गदगद



फिल्म 'द वन' में फिल्माए गए छठ पूजा के दृश्यों को लेकर भोजपुरी सिनेमा में सकारात्मक चर्चा हो रही है। जाने-माने सिंगर और अभिनेता रितेश पांडे ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि फिल्मों में भोजपुरी संस्कृति और परंपराओं का यह विस्तार एक बेहतरीन बदलाव है। सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया स्टारर फिल्म 'द वन' में लोकआस्था के महापर्व छठ पूजा के दृश्यों को जिस भव्यता और भक्तिभाव के साथ दर्शाया गया है, उसकी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में जमकर सराहना हो रही है। मुख्यधारा के हिंदी सिनेमा में छठ पूजा की परंपराओं, गीतों और सांस्कृतिक रीति-रिवाजों को प्रमुखता से शामिल किए जाने को भोजपुरी सिनेमा के विकास और इसकी बढ़ती स्वीकार्यता के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

जाने-माने भोजपुरी गायक और अभिनेता रितेश पांडे ने कहा कि बॉलीवुड फिल्मों में भोजपुरी संस्कृति और लोक-परंपराओं का यह समावेश कोई साधारण बदलाव नहीं, बल्कि हिंदी सिनेमा की एक बड़ी व्यावसायिक और सांस्कृतिक जरूरत बन गया है। उन्होंने आगे स्पष्ट किया कि पूर्वांचल और बिहार के दर्शकों की बड़ी संख्या तथा भोजपुरी विषय-सामग्री की बढ़ती लोकप्रियता के कारण बॉलीवुड अब क्षेत्रीय कलाकारों, भाषा और त्योहारों को अपनी कहानियों में शामिल कर रहा है। रितेश पांडे के अनुसार, छठी मैया की महिमा और हमारी समृद्ध परंपराओं को राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बड़े पर्दे के माध्यम से पहुंचाया जाना भोजपुरी इंडस्ट्री और क्षेत्रीय समाज के लिए एक गर्व का विषय है।

हुस्न की चमक



मशहूर डिजाइनर फराह खान अली के एक भव्य फैशन शो के दौरान, मंच पर ग्लैमरस अंदाज में मॉडल ने रैंप वॉक किया। मुख्य मॉडल सेंटोलिना ने शिमरी और फ्रिंज वाली आकर्षक शॉर्ट ड्रेस पहनी हुई है, जिसके साथ फेदर हेडबैंड, हील्स और हाथ में वाइन ग्लास उनके रेट्रो लुक को और निखार रहा है। पृष्ठभूमि में अन्य मॉडल भी इसी थीम पर आधारित सुंदर परिधानों में नजर आ रही हैं। मंच की रंगीन रोशनी और मॉडल्स का यह अंदाज इस शानदार फैशन इवेंट की खूबसूरती को बखूबी दर्शा रहा है।

साड़ी की प्लीट्स को सेट करने के आसान हैक्स आपके लुक में डालेंगे जान

साड़ा का ड्र्प करन क कइ तराक हात ह। ठाक उसा तरह स साड़ा का प्लीट्स बनाने के लिए भी कई तरीके होते हैं, जिन्हें डॉली जैन काफी विस्तार से बता रही हैं। साड़ी के डिजाइन से लेकर ड्रेपिंग स्टाइल तक आपको काफी चीजें सोशल मीडिया पर आसानी से मिल जाएंगी। साड़ी को बांधने के लिए सही तरीके से उसकी प्लीट्स बनाने का बेहद जरूरी होती है। वहीं साड़ी पहनना कई लोगों के लिए बेहद आसान होता है, तो कई लोगों के लिए ये काफी मुश्किल टास्क भी कहलाता है। इसी बीच फैशन एक्सपर्ट डॉली जैन ने अपने सोशल मीडिया पर साड़ी की प्लीट्स बनाने के आसान तरीके अपने सोशल मीडिया पर शेयर किए हैं, जिनकी मदद लेकर आप आसानी से साड़ी बांध सकती हैं और साड़ी लुक को आकर्षक बना सकती हैं।



साड़ी की प्लीट्स बनाने का पहला आसान तरीका

साड़ी की प्लीट्स बनाने के लिए आपको अपने अंगूठे, इंडेक्स और बीच की उंगली की सहायता लेनी चाहिए। इसके बाद अंगूठे की मदद से एक-एक प्लीट्स बना लें। प्लीट्स बनाने के लिए आप जल्दबाजी बिल्कुल भी न करें अन्यथा ये खुल जाएंगी। बता दें कि इस तरह से प्लीट्स बनाने पर आपको इसे ज्यादा सेट करने की आवश्कता नहीं होगी। इन्हें सेट करने के लिए आप सेफ्टी पिंस की सहायता ले सकती हैं।

साड़ी की प्लीट्स बनाने का दूसरा आसान तरीका

साड़ी की प्लीट्स बनाने के लिए आपको अंगूठे और हाथों की सबसे छोटी उंगली का सहारा लेना होगा। इसके लिए आप इन दोनों उंगलियों की सहायता लेकर प्लीट्स बनानी चाहिए। बता दें कि आराम से ही आप अपनी कलाई को घुमाये ताकि एक-एक प्लीट्स सही तरीके से साफ नजर आए। प्लीट्स बनाने के बाद आप अच्छी तरह से प्लीट्स को एक-एक करके सेट कर लें।

साड़ी की प्लीट्स बनाने का तीसरा आसान तरीका

इसके लिए आपको अपने हाथों की उंगलियों के साथ-साथ अपने पेट की भी सहायता लेनी होगी। बता दें कि आपका पेट एक बेस की तरह काम करेगा और फिर आप अपनी उंगलियों की सहायता लेकर प्लीट्स बना सकती हैं। इसके बाद साड़ी प्लीट्स को एक साथ सेट करके आप साड़ी के अंदर बांध लें। आखिर में आप फाइनल टच अप के लिए सेफ्टी पिंस की मदद ले सकती हैं।

कपड़ों की स्मार्ट शॉपिंग करने इन टिप्स को कीजिए फॉलो



कपड़े ऐसी जरूरत हैं, जिन्हें हमें समय-समय पर खरीदना होता है। कभी कपड़े हमें टाइट व छोटे हो जाते हैं तो कभी वे पुराने व बेकार हो जाते हैं। ऐसे में हम उन्हें रिटायर कर देते हैं और अपने लिए नए कपड़े खरीदते हैं।



इतना ही नहीं, कभी-कभी हम लेटेस्ट ट्रेंड व फैशन को देखते हुए भी कपड़े खरीदते हैं। सीजन बदलने पर भी कपड़े खरीदना बेहद आम बात है। हम सालभर में कई बार कपड़े खरीदते हैं। लेकिन क्या आपने कभी गौर किया है कि इन कपड़ों को खरीदने के लिए आप कितना पैसा खर्च कर रहे हैं।

अक्सर इस ओर किसी का ध्यान नहीं जाता है, लेकिन कपड़े खरीदने के चक्कर में हम काफी सारे पैसे यूं ही वेस्ट कर देते हैं। ऐसा इसलिए भी होता है, क्योंकि कपड़ों की स्मार्ट शॉपिंग नहीं करते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जो कपड़ों की स्मार्ट शॉपिंग करने में आपकी मदद करेंगे-



बेसिक्स में करें इनवेस्ट

अगर आप सच में कपड़ों की स्मार्ट शॉपिंग (स्मार्ट शॉपिंग) करना चाहती हैं तो आपको बेसिक्स में इनवेस्ट करना चाहिए। मसलन, आप एक व्हाइट शर्ट खरीद सकती हैं। जिसे आप जींस के साथ पेयर करके केजुअल लुक क्रिएट कर सकती हैं। वहीं, ब्लैक पैंट या स्कर्ट के साथ पहनकर ऑफिस जा सकती हैं। इसी तरह, पार्टी में भी इंडो-वेस्टर्न लुक में व्हाइट शर्ट को पहना जा सकता है। इस तरह एक ही पीस कई तरह से स्टाइल हो जाएगा और आपको हर ओकेजन के लिए अलग से शॉपिंग करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

ऑफ सीजन सेल में करें शॉपिंग

कपड़ों की स्मार्ट शॉपिंग करने का सबसे अच्छा तरीका है कि आप ऑफ सीजन सेल में शॉपिंग करें। इन सेल में आपको ब्रांडेड कपड़े लोकल कपड़ों के दाम में मिल जाते हैं।

कोरियन ब्यूटी हैक्स से गायब हो सकते हैं आंखों के नीचे मौजूद काले घेरे

त्वचा की देखभाल करने के लिए हम कई तरह के प्रोडक्ट्स को खरीदते हैं। वहीं आंखों के नीचे की त्वचा चेहरे की त्वचा से कई ज्यादा नाजुक होती है और इसका ख्याल रखा जाना बेहद जरूरी होता है। बदलते लाइफस्टाइल के कारण हम देर रात जागते हैं तथा कई चीजों का स्ट्रेस भी लेते हैं, जिनके कारण डार्क सर्कल्स बढ़ जाते हैं। आजकल ब्यूटी ट्रेंड्स में कोरियन ब्यूटी को काफी चलन में है। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं आंखों के नीचे मौजूद काले घेरे को कम करने के लिए कोरियन ब्यूटी हैक और बताएंगे इनसे त्वचा को मिलने वाले फायदे क्या हैं- एलोवेरा जेल में विटामिन-ए, विटामिन-सी और विटामिन-बी होता है जो कि स्किन को भरपूर मात्रा में पोषण देता है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण स्किन को हाइड्रेट करने में मदद करता है। एलोवेरा जेल के अंदर एंटी-बैक्टीरियल गुण होता है जो त्वचा को सभी तरह के स्किन इन्फेक्शन से बचाते हैं।



खीरे को आंखों के नीचे लगाने के क्या फायदे हैं?

खीरे में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स तत्व त्वचा को नमी प्रदान करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद तत्व स्किन को डीप क्लीन करते हैं। खीरे में मिनरल्स और एंटीऑक्सीडेंट तत्व चेहरे पर मौजूद पोर्स का साइज बढ़ने से रोकने में मदद करते हैं। सबसे पहले एलोवेरा के पौधे से जेल को निकालकर एक बाउल में डालें। इसके बाद इसमें एक खीरे को पीसकर डालें। इन दोनों को मिक्स करके उंगलियों की मदद से आंखों के नीचे लगा लें। लगभग 30 मिनट तक इसे आंखों के नीचे लगा रहने दें। इसके बाद कॉटन की मदद से इसे साफ कर लें।

ब्लाउज की स्लीव्स के डिजाइंस आजमाएं, नहीं दिखेगा आर्म फैट

अपने लुक को आकर्षक बनाने के लिए स्टाइलिंग को अपनी बॉडी टाइप के हिसाब से चीजों को चुनना चाहिए। इसके लिए आप सेलेब्रिटी के लुक से इंस्पायर हो सकती हैं।किसी भी लुक में चार चांद लगाने के लिए उसकी स्टाइलिंग सही तरीके से करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आपको लेटेस्ट फैशन ट्रेंड को फॉलो करना चाहिए। लेटेस्ट फैशन ट्रेंड के साथ-साथ आपको अपनी बॉडी के आकार का भी खास ख्याल रखना बेहद जरूरी होता है ताकि आपका लुक आकर्षक नजर आए। अक्सर ब्लाउज खरीदते समय हम अपनी बाजू के फैट को छुपाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए परफेक्ट डिजाइन का ब्लाउज नहीं खरीद पाते हैं। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं ब्लाउज की स्लीव्स के कुछ खास डिजाइंस जिनकी मदद से आप आसानी से आर्म फैट को छुपा पाएंगी और अपने लुक को आकर्षक बना पाएंगी।

ऑफ शोल्डर स्लीव्स

वैसे तो ऑफ शोल्डर में कई डिजाइन आपको आसानी से मिल जाएंगे, लेकिन अगर आप स्टेटमेंट लुक पाना चाहती हैं तो व्रैप स्टाइल वाले ब्लाउज को स्टाइल कर सकती हैं।



लुक को कम्प्लीट करने के लिए आप किनारी लेस लगवा सकती हैं। इस तरह का ब्लाउज आप स्कर्ट से लेकर साड़ी तक के साथ स्टाइल कर सकती हैं।

पर्ल चैन स्टाइल ब्लाउज

अगर आप स्लीवलेस डिजाइन के ब्लाउज को पहनना चाहती हैं तो इस तरह से पर्ल डिजाइन की चैन लगा सकती हैं। इसके लिए आप मल्टी-लेयर में चैन लगवाएं। वहीं पर्ल के लिए आप कलरफुल मोती भी चुन सकती हैं। साथ ही इसके लिए आप मीडियम साइज के पर्ल्स वाली चैन को चुनें।

कार्नर न्यूज जानिए 2026 के सबसे लोकप्रिय मेंस मेकअप ट्रेंड्स और प्रोडक्ट्स, जो आपके लुक में लगा देंगे चार चांद

जेंटलमैन ग्रूमिंग का नया दौर छा गया, अब सिर्फ महिलाओं का एकाधिकार नहीं रह गया मेकअप

अब वह जमाना चला गया जब मेकअप और स्किनकेयर को सिर्फ महिलाओं तक सीमित माना जाता था। आज के आधुनिक दौर में पुरुषों की लाइफस्टाइल और ग्रूमिंग रूटीन में मेकअप एक अहम हिस्सा बन चुका है। मेट्रो शहरों से शुरू हुआ यह ट्रेंड अब हर जगह पुरुषों की पर्सनालिटी को निखारने का जरिया बन रहा है।

वर्ष 2026 में 'नो-मेकअप' मेकअप लुक से लेकर बोल्ड एक्सपेरिमेंटल स्टाइल तक, पुरुषों के मेकअप प्रोडक्ट्स और तकनीकों में काफी नयापन देखने को मिल रहा है। अगर आप भी खुद को परफेक्ट और प्रेजेंटेबल लुक देना चाहते हैं, तो 2026 के इन टॉप मेंस मेकअप ट्रेंड्स और जरूरी प्रोडक्ट्स के बारे में विस्तार से जानें:



बीबी क्रीम और सीसी क्रीम

भारी और थिक फाउंडेशन की जगह अब पुरुष बीबी (ब्लेमिश बाम) और सीसी (कलर करेक्टिंग) क्रीम को तरजीह दे रहे हैं।

उपयोग और फायदा: यह लाइटवेट होती है और स्किन टोन को एकसमान बनाती है। 2026 में एसपीएफ युक्त हाइड्रेटिंग बीबी क्रीम्स काफी ट्रेंड में हैं, जो चेहरे के दाग-धब्बों को छुपाने के साथ-साथ प्राकृतिक निखार भी देती हैं। इसे लगाने के बाद चेहरा बिल्कुल भी ओवर-डन नहीं लगता।

स्पॉट कंसीलर

अक्सर देर रात तक काम करने या व्यस्त दिनचर्या के कारण डार्क सर्कल्स और मुंहासे/दाग-धब्बे चेहरे पर दिखने लगते हैं। 2026 में पुरुषों के लिए विशेष मैट-फिनिश कंसीलर स्टिक्स बाजार में उपलब्ध हैं। अपनी स्किन टोन से मेल खाता कंसीलर उंगलियों या स्पंज की मदद से डार्क सर्कल्स और निशानों पर डैब करें, जिससे मिनटों में फ्रेश और फ्लॉलेस लुक मिलता है।

आइब्रो ग्रूमिंग और ब्रो जेल

चेहरे की सही फ्रेमिंग के लिए आइब्रो का सेट होना बहुत जरूरी है। मेकअप करते समय अब केवल दाढ़ी पर ही नहीं, बल्कि आइब्रो पर भी ध्यान दिया जा रहा है। क्लियर ब्रो जेल और ब्रो पेंसिल की मदद से आइब्रो के खाली स्थानों को भरकर उन्हें सही शेप दिया जा सकता है। यह आँखों और माथे के लुक को तुरंत शार्प बना देता है।

टिंटेड लिप बाम

फटे और बेजान होंठ पूरे लुक पर पानी फेर सकते हैं। इन दिनों पुरुषों के बीच न्यूट्रल और बेरी-टोन शेड्स वाले टिंटेड लिप बाम्स काफी लोकप्रिय हैं। ये होंठों को नमी (Hydration) देने के साथ-साथ हल्का नेचुरल कलर देते हैं, जिससे होंठ स्वस्थ और आकर्षक दिखते हैं।

ट्रांसलूसेंट पाउडर और मैटिफाइंग स्प्रे

पुरुषों की त्वचा अक्सर महिलाओं की तुलना में अधिक ऑयली होती है। दिनभर चेहरे के अत्यधिक तेल और पसीने को नियंत्रित करने के लिए मैटिफाइंग सेटिंग स्प्रे और ऑयल-कंट्रोल ट्रांसलूसेंट पाउडर का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है। यह मेकअप को लंबे समय तक टिकाए रखता है और चेहरे को फ्रेश लुक देता है।



क्लियर और मस्कारा

आँखों को बड़ा और अट्रैक्टिव दिखाने के लिए मस्कारा पुरुषों के किट का हिस्सा बन चुका है। 2026 में पुरुषों के बीच क्लियर/ट्रैंसपेरेंट मस्कारा और नेचुरल ब्राउन मस्कारा काफी डिमांड में हैं। यह पलकों को बिना हैवी दिखाए घना और सुडौल बनाता है।